औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

# सोन वर्षा वाणी

facebook.com/svvpress

हिन्दी दैनिक



11 एसआरएच-आरसीबी का मुकाबला आज

सड़क हादसे में एक की मौत, छह लोग घायल 12

वर्ष : 25 | अंक : 162 | औरंगाबाद, गुरुवार, 18 मई, 2023 | आर.एन.आई BIHHIN/1998/03009 | पेज : 12 | मूल्य : रु. 2.00 | www.sonvarshavani.com

**शुरूआत** सीएम नीतीश कुमार ने की पुलिस थानों के लिए विशेष व्यवस्था की शुरुआत, कहा

# बिहार पुलिस की सेवा होगी और सुदृढ़

## सीएम ने राज्य के पुलिस थानों एवं इकाईयों के लिए 576 पुलिस वाहनों को झंडी दिखाकर किया रवाना



**निज संवाददाता**

**पटना।** बिहार पुलिस की सेवाओं को उन्नत बनाने के लिए बुधवार को बड़े स्तर पर वाहनों को शामिल किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को राज्य की पुलिसिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य के पुलिस थानों एवं इकाईयों के लिए 576 पुलिस वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया।

576 पुलिस वाहनों में सभी पुलिस जिलों के थानों के लिए 528, बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस की विभिन्न वाहिनियों (बटालियन) के लिए 34 एवं बिहार पुलिस मुख्यालय की विभिन्न इकाइयों के लिए 14 पुलिस वाहनों को रवाना किया गया। बिहार सरकार के अनुसार इन पुलिस वाहनों की उपलब्धता से राज्य में पुलिसिंग की कार्यक्षमता एवं दक्षता और बढ़ेगी। साथ ही विधि व्यवस्था के संधारण में सहूलियत होगी। इस अवसर पर वित्त, वाणिज्यकर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदशक आर।एस। भट्ठी, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव सह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस. सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पुलिस विभाग के अन्य वरीय अधिकारीगण, पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## फील्ड ड्यूटी पर मोबाइल पर इस्तेमाल करने पर होगी कार्रवाई

**निज संवाददाता**

**पटना।** बिहार पुलिस का कोई भी पुलिसकर्मी अगर फील्ड ड्यूटी के दौरान मोबाइल इस्तेमाल हुआ पाया गया तो उस पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी कर साफ किया तौर पर कहा गया है कि जो भी नियमों का उल्लंघ करेगा उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिसकर्मी ड्यूटी के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल हो और सोशल मीडिया पर कर्तव्य, वर्दी या हथियार से जुड़ी जानकारी दे रहे है।जस वजह से पुलिस मुख्यालय को एक बार फिर एक्शन में आना पड़ा है। पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी कर स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि नियमों का उल्लंघ करनेवालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बता दे कि पुलिस का काम विशिष्ट प्रकार का है। कर्तव्य के दौरान हमेशा सजग रहना पड़ता है। सभी अधिकारी और जवान उनसे



उच्च अनुशासन की अपेक्षा होती है। ड्यटी में रहते हुए भी बेवजह मोबाइल या इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रयोग से ध्यान भटकता है। और कार्य पर भी असर पड़ता है। वही मुख्यालय ने अफसरों और जवानों को मोबाइल इस्तेमाल करने को लेकर ही सचेत नहीं किया है, साथ ही सोशल मीडिया पर कर्तव्य से जुड़ी जानकारी, हथियार, वर्दी या किसी तरह की अन्य जानकारी पब्लिक करने को भी अनुशासनहीनता करार दिया है। मुख्यालय का मानना है कि ऐसा करने से आम जनता के बीच पुलिस की छवि पर भी प्रभाव पड़ता है।

जारी रहेगा ईडब्ल्यूएस कोटा

## आर्थिक आधार पर दिए जाने वाले आरक्षण के खिलाफ दायर सभी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज


**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 10 फीसदी ईडब्ल्यूएस कोटा के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा, 'बहुमत के विचार ने आरक्षण को न केवल सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए, बल्कि किसी भी वर्ग या वर्ग को इस तरह से वंचित करने के लिए शामिल करने के लिए एक साधन'' के रूप में वर्णित किया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सभी पुनर्विचार याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि फैसले में प्रत्यक्ष रूप से कोई खामी नजर नहीं आती है। पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने सात नवंबर, 2022 को तीन-दो के बहुमत से फैसला देते हुए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण देने के संवैधानिक प्रविधान 103वें संविधान संशोधन को सही ठहराया था। सुप्रीम कोर्ट में करीब एक दर्जन याचिकाएं दाखिल हुईं थीं जिनमें ईडब्लूएस आरक्षण को सही ठहराने वाले फैसले पर पुनर्विचार की मांग की गई थी। मालूम हो कि जनवरी 2019 में संविधान में किए गए।

## जातीय गणना पर सुनवाई टली

**निज संवाददाता**

**पटना।** बिहार में जातीय गणना पर पटना हाईकोर्ट की रोक के बीच सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई है। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई होनी थी। हालांकि, शीर्ष अदालत के जज जस्टिस संजय करोल ने इस मामले में सुनवाई से खुद को अलग कर लिया, जिससे इस मामले में आज सुनवाई नहीं हो सकी। बता दें कि पटना हाईकोर्ट ने बीते चार मई को जाति आधारित गणना पर अंतरिम रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के लिए तीन जुलाई की तरीख तय कर दी। इसके खिलाफ राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची और याचिका दायर कर जातीय गणना जारी रखने की अपील की। बिहार में जातीय गणना की रफ्तार पर पटना हाईकोर्ट द्वारा रोक लगाने के बाद बिहार सरकार को बड़ा झटका लगा था। नीतीश सरकार जल्द से जल्द जातीय गणना करवाना चाहती है। पटना हाईकोर्ट में इस मामले पर अगली सुनवाई तीन जुलाई को होगी। हाईकोर्ट ने इसपर सरकार की जल्द तारीख देने की अपील को भी खारिज कर दिया। विदित हो कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट में तीसरी बार



पहुंचा है। इसके पहले दो बार जातीय गणना को असंवैधानिक करार देने की याचिकाओं को बार सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का मसला बताया था।

इससे दोनों बार बिहार सरकार को राहत मिली थी। इस बार पटना हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। पटना हाईकोर्ट में इस मामले से जुड़े वकीलों का कहना है कि अभी कई मुद्दों पर विचार व तर्क-वितर्क बाकी है। अभी तक केवल जातीय गणना की संवैधानिकता, डाटा की असुरक्षा और सुप्रीम कोर्ट की अवमानना जैसे मुद्दों पर ही बहस हुई है। जातियों के नाम बदलने, उप-जातियों को जाति के रूप में स्थापित करने की कोशिश, सिखों की जाति नहीं निर्धारित करने तथा किन्नर को जाति बताने जैसे कई मुद्दों पर हाईकोर्ट ने अभी तक बात नहीं सुनी है।

## राज्यपाल व सीएम ने शहीद सूरज नारायण सिंह की जयंती के अवसर पर उन्हें किया नमन




**निज संवाददाता**

**पटना।** महामहिम राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर व सीएम नीतीश कुमार ने स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजवादी नेता शहीद सूरज नारायण सिंह की जयंती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में सूरज नारायण सिंह स्मृति संग्रहालय, 4 वीरचन्द पटेल पथ, पटना स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, अन्य मंत्रीगण एवं गणमान्य लोगों ने भी शहीद सूरज नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती-पूजन किया गया तथा भजन एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत का गायन किया गया तथा सर्वधर्म प्रार्थना भी आयोजित की गई।

मोदी मंत्रिमंडल की बैठक में आईटी सेक्टर के लिए पीएलआई स्कीम को मंजूरी

# खाद पर सब्सिडी की घोषणा



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर कैबिनेट की मुहर लगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बैठक की जानकारी दी। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में 42 कंपनियों ने पहले साल में 900 करोड़ रुपए का निवेश करना था उसकी जगह 1600 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण के क्षेत्र में इस साल 100 बिलियन डॉलर का उत्पादन इस वर्ष देश में हुआ है। इसके साथ ही पिछले साल 11 बिलियन डॉलर के मोबाइल का रिकॉर्ड निर्यात किया गया। पीएलआई फॉर आईटी हार्डवेयर को कैबिनेट बैठक में मंजूरी दी गई है। इसी बीच केंद्र सरकार ने खाद पर सब्सिडी का एलान किया। केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने बताया कि देश में 325 से 350 लाख मीट्रिक टन यूरिया उपयोग होता है। 100 से 125 लाख मीट्रिक टन डीएपी और एनपीके को उपयोग होता है। 50-60 लाख मीट्रिक टन एमओपी का इस्तेमाल होता है। किसानों को समय पर खाद मिले इसके लिए मोदी सरकार ने सब्सिडी बढ़ाई पर एमआरपी नहीं बढ़ाई। उन्होंने बताया कि खरीफ फसलों के लिए सरकार ने तय किया है कि भारत सरकार खाद की कीमत नहीं बढ़ाएगी। भारत सरकार खरीफ सीजन की फसल के लिए सब्सिडी में 1 लाख 8 हजार करोड़ रुपए खर्च करेगी।

### आज एक वैज्ञानिक व्याख्यान सह परस्पर संवादात्मक श्रृंखला का होगा प्रारंभ

**पटना (नि.सं.)।** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा माह जुलाई, 2022 से प्रत्येक माह एक वैज्ञानिक व्याख्यान-सह-परस्पर संवादात्मक श्रृंखला प्रारंभ किया गया है जिसमें विषयवस्तु के विशेषज्ञ का व्याख्यान होता है। इस श्रृंखला की ग्यारहवीं कड़ी में 18 मई, 2023 को अपराह्न 03:00 बजे से अश्वनी कुमार, वरीय सहायक प्राध्यापक एवं प्रोग्राम चेयर, सी.ई.पी.टी. विश्वविद्यालय, अहमदाबाद द्वारा राज्य पर्षद् के सम्मेलन कक्ष में 'पर्यावरण संरक्षण और विकास को संतुलित करना - उपकरण के रूप में भूमि उपयुक्तता आकलन' विषय पर अपना सारगर्भित व्याख्यान देंगे। इस कार्यक्रम में ऑफलाईन / ऑनलाईन भाग लिया जा सकता है।

## हाईकोर्ट ने बीटीएससी को आवेदन की समय सीमा बढ़ाने का दिया आदेश



● बिहार में फार्मासिस्ट पद के उन उम्मीदवारों के आवेदनों को स्वीकार करने और विचार करने का निर्देश दिया, जो बी.फार्मा की उच्च योग्यता रखते हैं।

**निज संवाददाता**

**पटना।** पटना उच्च न्यायालय ने बुधवार को बिहार तकनीकी सेवा आयोग को बिहार में फार्मासिस्ट पद के उन उम्मीदवारों के आवेदनों को स्वीकार करने और विचार करने का निर्देश दिया, जो बी.फार्मा की उच्च योग्यता रखते हैं। मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति मधुरेश प्रसाद की खंडपीठ ने संजीव कुमार मिश्रा की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए आयोग को आवेदन जमा करने की समय सीमा को और दो सप्ताह के लिए बढ़ाने का निर्देश दिया, जो 19 मई को समाप्त हो रही थी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता प्रिंस कुमार मिश्रा ने भर्ती शर्तों की शर्तों को चुनौती दी है। जिसके तहत केवल डिप्लोमा धारकों को ही चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी जा रही है। बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा राज्य के स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट के 1539 नियमित पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन निकाला है।

जैन वस्त्रालय

नौजादिक कम्प्लेक्स, ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद

सुटिंग, शर्टिंग, फैन्सी साड़ियां एवं ड्रेस मेटेरियल के विक्रेता

लगन के अवसर पर आकर्षक डिजाईनों में कपड़ों की खरीददारी हेतु पधारें।





## बिहार के पूर्व राज्यपाल से जुड़े नौ लोगों के ठिकानों पर सीबीआई का छापा

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** बिहार और जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक से पूछताछ के हफ्तों बाद केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई बुधवार को जम्मू- कश्मीर और दिल्ली में मलिक के मीडिया सलाहकार सुनक बाली के परिसर समेत नौ स्थानों पर तलाशी ले रही है। मामला अनिल अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस जनरल इंश्योरेंस से जुड़ी एक बीमा योजना में अनियमितताओं के आरोपों से संबंधित है। मलिक द्वारा मामले में उन्हें रिश्वत देने के प्रयास के आरोप लगाने के बाद यह मामला दर्ज किया गया था। जम्मू कश्मीर में राज्यपाल रहने के दौरान सत्यपाल मलिक ने इंश्योरेंस में कथित भ्रष्टाचार का मामला उठाया था। इससे पहले सत्यपाल मलिक को सीबीआई ने 28 अप्रैल को पूछताछ के लिए अपने कार्यालय बुलाया था, लेकिन बाद में उसने कहा था कि सीबीआई टीम मलिक के घर पर जाएगी। बहरहाल पिछले आठ महीने में यह तीसरा मौका है जब सीबीआई इस मामले में सक्रिय नजर आ रही है।

Contact : 9931410693, 9431270628

MANGAL MANI Jewellers

91.6 Hallmark Gold, Diamond Ornaments

Near- Moti Saw Shiv Pujan Prasad Jewellers, Opp. SBI Bazar Branch, Old G.T. Road, Aurangabad (Bihar)

### एसडीपीओ तनवीर अहमद के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मुकदमा बंद

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में पटना व्यवहार न्यायालय स्थित निगरानी की विशेष अदालत ने पालीगंज के तत्कालीन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) मोहम्मद तनवीर अहमद के खिलाफ चल रहे आय से अधिक संपत्ति के मुकदमे को बंद कर दिया। विशेष न्यायाधीश मनीष द्विवेदी की अदालत में विशेष आर्थिक अपराध इकाई ने तनवीर अहमद के खिलाफ मामले में अंतिम रिपोर्ट (क्लोजर रिपोर्ट) साक्ष्य की कमी बताते हुए दाखिल किया था। विशेष अदालत ने भी मामले में अभियुक्त बनाए गए तनवीर अहमद के खिलाफ आगे मामला चलाए जाने का आधार नहीं पाते हुए अंतिम रिपोर्ट को स्वीकार कर मामले को बंद करने का आदेश दिया।

जमीन बिक्री | जमीन बिक्री | जमीन बिक्री

एक लाख पचास हजार रूपया प्रति डिसमील

Riyaashrya RealState Private Limined

Riyaashray REALSTATE PRIVATE LIMITED

आवासीय जमीन

ग्रेडर औरंगाबाद (हारीवारी) नौगढ़

जमीन से दूरी : रमेश चौक से 8.0 किलो मीटर भाया नावाडीह

ब्लॉक ए (10 डिसमील) ब्लॉक बी से ई (5 डिसमील)

विशेषताएं

- बाउन्ड्री
- बिजली खम्भा
- नाला
- वृक्षारोपण
- व्यायाम पार्क
- 16 फिट रास्ता
- CCTV Camera
- बगीचा
- मूर्ति 10 फिट
- Water Fountain

नोट : पहला 20 प्लॉट (5 डि0 x 20 प्लॉट ) 10 प्लॉट (10 डि0 x 10 प्लॉट )

पहले आएं, पहले पाए स्कीम के तहत पहले 20 ग्राहकों को

रजिस्ट्री, मोटेशन मुफ्त एवं कम्पनी के तरफ से गिफ्ट (नियम व शर्तें लागू)

स्थान : आश्रय होम फेज-2 (आवासीय परियोजना) नियर हारीवारी गाँव, नौगढ़, औरंगाबाद-824102 (बिहार)

Contact : Mr. Sanjeev Kumar, Mob. 9910430781, 7261881900

U.S. Hotel, Maharajgunj Road, Aurangabad, Bihar-824101

Company Add.

Riyaahray Realstate Pvt. Ltd. 205 Narayan Plaza, Exhibitaion, Road, Patna-800001

## रालोजद के नवादा प्रभारी डॉ राम कुमार मेहता राष्ट्रीय महासचिव पद के लिए मनोनीत

**निज संवाददाता, नवादा**



राष्ट्रीय लोक जनता दल के नवादा जिला प्रभारी राम कुमार मेहता को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के अनुमति से राष्ट्रीय महासचिव के पद पर मनोनयन किया गया है।पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव माधव आनन्द ने उन्हें पत्र के माध्यम से जानकारी देते हुए उनके नाम सहित अन्य सदस्यों के नामों एवं पद की घोषणा किया।उन्होंने कहा कि श्री कुमार राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के स्थापना काल से पूर्व ही श्री कुशवाहा के साथ कदम ताल करते हुए समर्पित कार्यकर्ता की भूमिका निभा रहे हैं।माधव आनन्द ने बताया कि श्री कुमार पार्टी के जुझारू नेता एवं समर्पित कार्यकर्ता हैं इनके मनोनयन से पार्टी को मजबूती मिलेगी ।श्री कुमार नवादा के प्रभारी भी हैं इनके जिम्मे नवादा लोकसभा में संगठन को मजबूती एवं संगठन विस्तार किया जाना है।अपने मनोनयन पर उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री उपेंद्र कुशवाहा ने जो भरोसा जताया है उसके लिए हम उनके आभारी हैं।हम अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करते हुए पार्टी के द्वारा दिये गए दिशा निर्देश के अनुसार संगठन के लिए काम करूंगा।उनके मनोनयन पर पूर्व मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, अरुनजय मेहता, सच्चिदानन्द कुशवाहा,अजय कुशवाहा आनन्द सम्राट कुशवाहा, पकरीवरमा,अरुणजय मेहता, कमलेश कुशवाहा, मुसाफिर कुशवाहा, हिसुआ, अजीत कुशवाहा, राजेश कुमार टुसन पासवान, अनील सिंह, इन्द्रदेव कुशवाहा उमा शंकर कुशवाहा, महिला नेत्री बेबी कुशवाहा अवधेश चन्द्र वर्मा सहित दर्जनों लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# तीन विद्यालयों की औचक निरीक्षण में दो विद्यालय मिले बन्द,प्रभारी समेत शिक्षकों को स्पष्टीकरण

### लगातार विद्यालयों के निरीक्षण के बावजूद नहीं सुधर रहे हालात

**निज संवाददाता, रजौली**

प्रखण्ड क्षेत्र में सरकारी विद्यालयों की स्थिति काफी दयनीय है।विद्यालयों की बदहाल स्थिति के कारण नौनिहालों के भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।बीडीओ अनिल मिस्त्री द्वारा लगातार विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान कई विद्यालय बन्द तो कई विद्यालयों में शिक्षक व शिक्षिकाएं ही नदारद मिल रहे हैं।बुधवार को बीडीओ द्वारा प्रखण्ड मुख्यालय के सुदूरवर्ती सवैयाटांड़ पंचायत के विद्यालयों,आंगनबाड़ी केंद्रों समेत जनकल्याणकारी योजनाओं की जांच किया जाना था।इसी क्रम में रास्ते में पड़ने वाले रजौली पूर्वी पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय दत्तीटिलहा के बाहर छात्र-छात्राएं खेलते कूदते नजर आए।इस दृश्य को देखकर बीडीओ हैरान हो गए।बीडीओ सुबह के 7:21 बजे विद्यालय में प्रवेश किये तो विद्यालय में एकमात्र शिक्षक विद्यालय परिसर में उपस्थित मिले।वहीं विद्यालय के प्रभारी सत्येंद्र कुमार बीते दो दिनों से




बिना कारण बताए अनुपस्थित पाए गए।साथ ही सहायक शिक्षिका वीणा देवी व कमला देवी भी अनुपस्थित पाई गई।सवैयाटांड़ जाने के क्रम में सुबह लगभग 7:42 बजे धमनी पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय चपहेल में प्रभारी प्रधानाध्यापक सुजीत कुमार,सहायक शिक्षिकाएं पिंकी भारती,रीना कुमारी व सुषमा कुमारी भी विद्यालय से नदारद थे।वहीं विद्यालय परिसर में कुछ बच्चे अपने कॉपी व किताब के साथ खेलते नजर आए।बीडीओ ने बच्चों से पठन-पाठन के विषय मे आवश्यक जानकारियां ली।वहीं मध्य विद्यालय कुम्हरुआ के औचक निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं पठन-पाठन कार्य करते दिखे।जबकि धमनी पंचायत के डुमरकोल गांव में समेकित बाल विकास परियोजना के तहत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 74 भी बन्द पाया गया।बीडीओ ने कहा कि तीन विद्यालयों के निरीक्षण में दो विद्यालयों में प्रभारी प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों द्वारा घोर अनियमितता पाई गई है।जिसको लेकर अनुपस्थित पाए गए प्रभारी प्रधानाध्यापक व शिक्षकों को स्पष्टीकरण किया गया है।वहीं आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 74 में व्याप्त अनियमितता को लेकर सीडीपीओ रजौली को पत्राचार किया गया है।बताते चलें कि प्रखण्ड मुख्यालय के सुदूरवर्ती पंचायतों के अधिकांश विद्यालय सिर्फ कागजातों पर ही चल रहे हैं।विद्यालयों में सिर्फ कागजों में बच्चों के नामांकन होता है,उपस्थिति पंजी में शिक्षकों व बच्चों का फर्जी हाजिरी बनता हैनामांकन के आधार पर एमडीएम का बिल बनता है व पठन-पाठन के तहत अन्य कार्य सम्पन्न किये जाते हैं।इसको लेकर बीते कुछ दिनों पूर्व स्थानीय प्रमुख सरोज देवी द्वारा प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी दिगम्बर ठाकुर पर शिक्षक व शिक्षिकाओं से पैसे लेकर विद्यालय को बन्द रखने का आरोप लगाकर वरीय पदाधिकारियों को पत्राचार किया गया था।किन्तु अबतक अनियमितता बरतने वाले पदाधिकारी व शिक्षकों पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई।जिसके कारण प्रंखण्ड मुख्यालय के सुदूरवर्ती पंचायतों के विद्यालयों में धड़ल्ले से अनियमितता जारी है।

## कौआकोल के अंशु बनें असिस्टेंट ऑडिट ऑफिसर



**निज संवाददाता, कौआकोल**

प्रखण्ड के कौआकोल नीमतल्ला निवासी अंशु कुमार ने एसएससी (सीजीएल) में राजपत्रित अधिकारी के समकक्ष असिस्टेंट ऑडिट ऑफिसर (एएओ) पद के लिए चयनित होकर प्रखण्ड सहित जिला का नाम रौशन किया है। अंशु की इस सफलता पर उसके परिजन सहित स्थानीय ग्रामीणों में काफी खुशी का माहौल है। बता दें कि अंशु के पिता जय शंकर प्रसाद कौआकोल बाजार में ही पतंजली प्रोडक्ट का दुकान चलाते हैं। वहीं उनकी माता अनिता देवी गृहिणी हैं। मालूम हो कि अंशु वर्तमान में मुंबई रेलवे में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं। अंशु अपनी इस सफलता पर काफी प्रसन्न होते हुए बताया कि इस सफलता के पीछे उसकी कड़ी लगन एवं मेहनत के अलावे माता,पिता,दादा राधेश्याम लाल,शिक्षक कपिलदेव यादव उर्फ कपिल सर सहित अन्य गुरुजनों एवं परिजनों का आशीर्वाद है। बता दें कि अंशु ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कौआकोल में ग्रहण करने के बाद इंटर विद्यालय कौआकोल से मैट्रिक किया। जबकि इंटर एवं स्नातक कृषक कॉलेज धेवधा से किया। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। अंशु दो भाई एवं एक बहन हैं। अंशु की बहन कुमारी प्रियंका पटना सचिवालय में स्टेनोग्राफर जबकि छोटा भाई प्रियांशु राज चंडीगढ़ में डाटा-बेस एडमिनिस्ट्रेटर के पद पर कार्यरत हैं।

## चुनाव चिन्ह आवंटित

**नारदीगंज**। नारदीगंज प्रखंड में पंचायत उपचुनाव को लेकर इचुआ करना पंचायत के वार्ड संख्या दस में वार्ड सदस्य पद के लिए तीन उम्मीदवारों ने नाम निर्देशन किया था,संवीक्षा के दौरान सभी उम्मीदवारों का पर्चे वैध पाए गए थे।प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ रंजीत कुमार ने कहा सभी वार्ड सदस्य उम्मीदवार को चुनाव चिंह आवंटित कर दिया गया है।जिसमें कुश कुमार को गेंहू की बाली,पिंटू कुमार को पीपल का पता,बीरेन्द्र प्रसाद को घड़ा चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है।आगामी 25 मई को चुनाव होगा।

## ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

**नवादा(रवीन्द्र नाथ भैया)**। एनएच-20 पर जिले के नेमदारगंज थाना क्षेत्र के वरेव गांव के समीप तेज रफ्तार से आ रही ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया, जिससे बाइक पर सवार थाना क्षेत्र के राजादेवर ग्रामीण श्रृगांर राम का 16 वर्षीय पुत्र महिपाल कुमार की मौत हो गई। बाइक सवार अन्य दो युवक जख्मी हो गए। आस पास के लोगों के सहयोग से तीनों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने महिपाल को मृत घोषित कर दिया, जबकि जख्मी दोनों युवक का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन को घटना स्थल पर छोड़कर फरार हो गया। इस सम्बंध में नक्सल थाना नेमदारगंज के थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि एक बाइक पर सवार होकर तीन लोग नेमदारगंज बाजार की ओर जा रहे थे, तभी मिट्टी लदे ट्रैक्टर की चपेट में बाइक आ गया, जिससे वाइक पर सवार थाना क्षेत्र के राजादेवर गांव निवासी महिपाल की मौत हो गई, जबकि मृतक के साथ रहे दो युवक जख्मी हो गए। उन्होंने बताया कि मृतक के पिता श्रृगांर राम के फर्द वयान पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है तथा दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है।ज्ञात हो कि आए दिन तेज रफ्तार वाहन से सड़क दुर्घटना में बेतहाशा वृद्धि हुई है। आए दिन जिले के विभिन्न मार्गो पर तेज रफ्तार की चपेट में आने से दर्जनों लोगों की जान जा चुकी है, बावजूद प्रषासन तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले चालकों पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं कर रही है, जिससे चालकों का मनोबल बढता जा रहा है।

## ग्रामीणों ने विद्यालय में ताला जड़कर प्रधानाध्यापक के खिलाफ जमकर किया प्रदर्शन

**नवादा**। जिले के हिसुआ प्रखंड अर्न्तगत प्राथमिक विद्यालय भोला बिगहा में ग्रामीणों ने तालाबंदी कर प्रभारी प्रधानाध्यापक के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस प्रधानाध्यापक को एमडीएम घोटाला के आरोप में विद्यालय से हटाया गया था,पुनः उसी प्रधानाध्यापक को विद्यालय का प्रभार दिया गया है। बुधवार की सुबह जब ग्रामीण और छात्र-छात्राओं को जानकारी मिली की राजीव नयन कुमार को विभाग पुनः प्राथमिक विद्यालय भोला बिगहा का प्रभार दिया गया है, तब सैकड़ों ग्रामीण और विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में ताला जड़कर प्रधानाध्यापक के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीण अशोक सिंह, रतन पंडित, बिरजू,मांझी, शीलादेवी, सुबोध राणा, वीरेंद्र कुमार, रविंद्र चौधरी, सुरेश चौहान, सुनील यादव तथा महेंद्र प्रसाद सहित दर्जनों लोगों ने कहा कि हाल के दिनों में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव नयन कुमार के द्वारा तीन महिने का एमडीएम घोटाला कर लिया था, जिसका विरोध करने के बाद विभाग उक्त विद्यालय से दूसरे विद्यालय में तबादला कर दिया था, लेकिन पुनः घोटालेबाज प्रधानाध्यापक को उसी विद्यालय में लौटाया भ्रष्टाचार को बढावा देना है। ग्रामीणों ने कहा जब तक घोटालेबाज प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव नयन कुमार को प्राथमिक विद्यालय भोला बिगहा से नहीं हटाया जाता है, तब तक विद्यालय का ताला नहीं खुलेगा।

## कुलपति के खिलाफ छात्रों ने दिया धरना

**भागलपुर**। अभाविप छात्र नेताओं के नेतृत्व में बीसीए के प्रमोटेड छात्र फॉर्म भरने की मांग को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में धरने पर बैठ गए और लगातार कुलपति के खिलाफ नारेबाजी की। इसी दौरान छात्रों को पता चला कि विश्वविद्यालय में एकेडमिक काउंसिल की बैठक होनी है जिसके बाद छात्रों ने यूनिवर्सिटी गेट को बंद करवा दिया। विश्वविद्यालय बंद के बाद सभी कर्मचारी एवं बैठक में शामिल होने आए शिक्षक बाहर घूमते रहे। बाद में पुनः छात्रों को सूचना मिली कि कुलपति सभी को आवास पर बुला कर बैठक करने वाले हैं जिसके बाद सभी कुलपति आवास की और कुच कर गए जहां गार्ड के साथ कहा सुनी भी हुई लेकिन सभी छात्र आवास परिसर में घुसने में कामयाब रहे। कुलपति आवास पहुंचकर छात्रों ने कई मेंबर को बाहर ही रोक दिया और वीसी से वार्ता करवाने की बात करने लगे।जब कुलपति बाहर नहीं आए तो पुनः छात्रों ने वहीं धरना दे दिया। विश्वविद्यालय संयोजक आशुतोष सिंह तोमर ने बताया कि बीसीए के छात्रों को विश्वविद्यालय ने आश्वासन दिया था की प्रमोटेड छात्रों को भी फॉर्म भरने दिया जायेगा लेकिन दूसरे ही दिन विश्वविद्यालय ने अपना निर्णय बदल दिया।कुलपति इतनी हल्की बात करते हैं ये इस पद की विश्वसनीयता को भी धूमिल कर रहे हैं।

# अनुमंडलीय अग्निशमन बनकर तैयार,त्रुटियों के कारण बीते तीन माह से प्रवेश नहीं कर रहे अग्निशमन कर्मी

### तीन वर्षों से खंडहरनुमा भवन में रहने को मजबूर हैं अग्नि रक्षक

**निज संवाददाता, रजौली**

अनुमण्डल मुख्यालय स्थित समेकित बाल विकास परियोजना कार्यालय के समीप बीते तीन माह से अनुमंडलीय अग्निशमन भवन बनकर तैयार है।किंतु भवन निर्माण के दौरान कुछ त्रुटियों के कारण अग्निशमन कर्मी उसमें शिफ्ट नहीं हो पा रहे हैं।जबकि बीते तीन वर्षों से फायर ऑफिसर रामअवध सिंह समेत कुल 19 अग्निशमन कर्मी पुराने खण्डहरनुमा भवन में रहने को मजबूर है।जहां पीने के पानी,नहाने के लिए बाथरूम एवं शौचालय जैसी आधारभूत सुविधा नहीं है।प्रखण्ड कार्यलय परिसर



स्थित बोरिंग के पानी का उपयोग पीने,नहाने व खाना बनाने आदि के लिए किया जाता है।फायर ऑफिसर ने बताया कि अग्निशमन के अपने भवन को लेकर कई बार पत्राचार किया गया।जिसके फलस्वरूप बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा 24 सितम्बर 2021 को रजौली अनुमंडलीय अग्निशमन भवन का शिलान्यास किया गया।उन्होंने कहा कि बीते तीन माह से भवन लगभग बनकर तैयार है।किंतु कुछ त्रुटियों के कारण भवन निर्माण करने वाले ठेकेदार द्वारा भवन को सुपुर्द नहीं किया गया है।वहीं अग्निशमन भवन में बीते तीन माह से ठेकेदार द्वारा तालाबंद कर रखा गया है।उन्होंने कहा कि भवन निर्माण में प्रवेश को लेकर सभी कर्मियों में काफी उत्सुकता थी।उन्होंने कहा कि अनुमंडलीय अग्निशमन में कुल एक फायर ऑफिसर,एक हवलदार,छः अग्निक,छः गृहरक्षक,चार चालक एवं एक गृहरक्षक चालक हैं।वहीं अग्निशमन वाहनों में दो बड़ी वाहन एवं तीन छोटी वाहन शामिल है।फायर ऑफिसर ने कहा कि ठेकेदार द्वारा भवन निर्माण के त्रुटियों के दूर करने के बाद वरीय पदाधिकारियों के दिशा निर्देश पर नवनिर्मित भवन में अग्निशमन कर्मी समेत प्रवेश करेंगे।

## पानी मांगने गई महादलित महिला को पम्प चालक ने जमकर किया धुनाई

**निज संवाददाता, नवादा**

एक तरफ डीएम उदिता सिंह ग्रामीणों को पेयजल संकट से निजात दिलाने को लेकर लगातार पदाधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा कर रहे है। पेयजल की कमी को दूर करने के उद्देश्य से जिले के सभी प्रखंडों में बंद चापकाल को ठीक करने के केजरीवालके मरम्मती दल को भेजकर उसका मोबाइल नंबर सार्वजनिक किया गया है। वहीं दूसरी ओर जिले केजरीवाल वारिसलीगंज प्रखंड अर्न्तगत चकवाय ग्राम पंचायत के चकवाय गांव स्थित चौधरी टोला का नल-जल योजना के तहत पानी सप्लाय पम्प चालक द्वारा बंद कर दिया गया है। बंद सप्लाय को चालू कराने की मांग करने गई महिला को पम्प चालक द्वारा जमकर धुनाई कर दिया गया। पम्प चालक गणेश महतो द्वारा पिटायी की गई महिला चकवाय गांव निवासी राजो चौधरी की पत्नी गंगिया देवी ने बुधवार को दर्जनों महिला व पुरूष के साथ स्थानीय थाना पहुंच आवेदन देकर गुहार लगाई है। थाना पहुंची गंगिया देवी, रिंकु देवी, रीना देवी, रामेश्वरी देवी, पूजा देवी तथा कमली देवी सहित दर्जनों महिलाओं ने बताया कि हमलोगों के टोला में पम्प चालक ग्रामीण गणेश महतो द्वारा नल-जल का पानी बंद कर दिया गया है। बुधवार को पानी का घोर किल्लत होने के बाद, जब हमलोग पम्प चालक से पानी का सप्लाय करने का आग्रह किए, तब पम्प चालक 8-10 अन्य लोगोंको के साथ घर पर चढकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगे, जब गाली देने से मना किया तब मारपीट करते हुए जख्मी कर दिया। पीड़िता ने बताया कि पम्प चालक पूर्व मुखिया द्वारा बहाल किया गया था, वर्तमान मुखिया की बात भी नहीं सुनते है।

# वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे को लेकर नगर निगम में आयोजित हुए कार्यक्रम

**निज संवाददाता, भागलपुर**

नगर निगम भागलपुर में वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे को लेकर एक स्वास्थ्य जांच शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर आयुक्त योगेश सागर मेयर डॉक्टर वसुंधरा लाल उप मेयर डॉक्टर सलाउद्दीन अहसन थे, वही आज वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे को लेकर निगम के सभी कर्मियों एवं पार्षदों का बीपी जांच किया गया साथ ही सवों को उपचार की सलाह दी गई साथ ही साथ इससे बचने के कई नुस्खे बताए गए, खासतौर पर नमक का कम सेवन करना ,योगा एवं व्यायाम करने धूम्रपान से दूर रहने और मोबाइल का कम से कम उपयोग करने की सलाह दी गई। वहीं डॉक्टर प्रणव ने सभी निगम



कर्मियों एवं पार्षदों की रक्तचाप की जांच की साथ ही दवाइयां भी दी गई। वहीं मेयर डॉक्टर वसुंधरा लाल ने भी कई कर्मियों की बीपी की जांच की और लोगों से कहा की यह एक साइलेंट किलर है इसलिए अपने दैनिक दिनचर्या में बदलाव करें, योगा करें, व्यायाम करें, मेडिटेशन करें वहीं उन्होंने कहा कि अगर निगम कर्मी स्वस्थ रहेंगे तभी हमारा शहर स्वस्थ रहेगा इसको लेकर यह पहल की गई है।

## हाइवा ने दो किसानों को रौंदा, मौके पर मौत, फोरलेन पर मकई सुखाने के दौरान हुआ हादसा

### पुलिस ने हाईवा सहित आरोपी चालक को किया गिरफ्तार

**निज संवाददाता, भागलपुर**

जिले के नवगछिया प्रखंड में दर्दनाक हादसा हो गया तेज रफ्तार हाइवा ने दो किसानों को कुचल दिया। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, नवगछिया प्रखंड के कदवा ओपी के प्रतापनगर फोरलेन पर हादसा हुआ। मकई सुखाने के दौरान हाइवा ने दो किसानों को रौंदा। हादसे में प्रताप नगर निवासी सुखदेव राय के पुत्र मातोराय 55 साल गोपाल सिंह की मौत हो गई। मृतक गोपाल सिंह अपने फूफा उमेश सिंह के पास बचपन से रहते थे। बताया जा रहा है कि मातोराय फोरलेन पर सूखे मकई को बोरे को सुई से सी रहे



थे। उन्हीं के बगल में गोपाल सिंह बैठकर उससे बात कर रहा था। इसी दौरान भागलपुर से आ रही हाइवा ने दोनों को कुचल दिया हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची कदवा पुलिस ने गाड़ी का पीछा किया। जिसके बाद पुलिस ने ड्राइवर सहित गाड़ी को मधेपुरा सीमा से पकड़ा कदवा ओपी थाने में ड्राइवर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल नवगछिया भेजा दिया ।

# अवैध पार्किंग का अड्डा बना रजौली नगर पंचायत के मुख्य मार्ग

**निज संवाददाता, रजौली**

नगर पंचायत में इन दिनों नगर के बिजली ऑफिस,बजरंगबली चौक,ब्लॉक रोड व पुरानी बस स्टैंड अवैध पार्किंग का अड्डा बन चुका है।जिससे न केवल आवागमन प्रभावित हो रहा है,बल्कि कई अवैध प्रकार की गतिविधियां भी संचालित होती हैं।जबकि इसी मार्ग से बिजली ऑफिस,ब्लॉक परिसर,अनुमंडल पदाधिकारी आवास,एसडीपीओ आवास,अनुमंडलीय अस्पताल,एसबीआई बैंक व पीएनबी बैंकों समेत अन्य सरकारी कार्यालयों सहित अन्य वार्डों में जाने का रास्ता है।इन रास्तों पर टोटो,मौजिक गाड़ी समेत टैंपू चालक पूरे समय अपने वाहनों को अवैध रुप से खड़े कर बाजार में खरीदारी करने वाले लोगों को अपने वाहनों में सड़कों पर रोक बैठाते हैं,जिससे अन्य वाहन चालकों को काफी परेशानियों का



सामना करना पड़ता है।आमलोगों ने बताया कि हालत यह है कि यहां से चार पहिया वाहन तो दूर दो पहिया वाहन या पैदल निकलना भी दुर्भर हो रहा है।बिजली ऑफिस कर्मचारियों को बिजली विभाग के मुख्य द्वार से अंदर जाने में अक्सर अवैध पार्किंग कर खड़े वाहनों के संचालकों से उलझना पड़ता है।कई बार आवागमन के दौरान दुर्घटनाएं हो जाती हैं,तो वहीं आए दिन विवादों की स्थिति भी उत्पन्न होती है।दरअसल नगर में कहीं भी पार्किंग स्थल नहीं होने के कारण लोग पुरानी बस स्टैण्ड व बजरंगबली चौक के सड़कों व कार्यालयों के सामने की जगहों का उपयोग बेफिक्री के साथ कर रहे हैं।हालत यह है कि आसपास के गांवों से आने वाले ग्रामीणजन भी अब यहीं पर अवैध पार्किंग कर रहे हैं।आम नागरिकों ने इस समस्या से छुटकारा दिलाने की मांग की है।

**दुकानदारों ने भी बेतरतीब तरीके से किया हुआ है अतिक्रमण** - एक ओर जहां अवैध रूप से बेतरतीब तरीके से वाहनों की पार्किंग हो रही हैं,तो वहीं दुकानदारों ने भी अपने दुकानों के आगे 5 से 10 फिट का अतिक्रमण कर सड़कों को घेर रखा है।यही नहीं दुकानदारों ने पक्के चबूतरे और टीनशेड बनाकर सड़कों की जमीन पर कब्जा कर लिया है।यहां पर दुकानों का सामान रखा जाता है। यदि दुकानदारों से यह जगह मुक्त करवा दी जाए तो यहां पर आसानी से पार्किंग हो सकती है।वहीं दुकानों पर आने वाले ग्राहक अपने वाहन खड़े कर बेफिक्री के साथ खरीददारी कर सकते हैं।

**शहर में बने सर्वसुविधा युक्त पार्किंग,नगर पंचायत में ठोस योजनाएं बनाना चाहिए** - बब्लू पंडित,मनीष कुमार सोनी,सागर वर्मा,राजेश कुमार,शंकर चौधरी उर्फ कारू ने बताया कि नगर में जिन स्थानों पर आमजनों का आवागमन ज्यादा है।वहां पर व्यवस्थित पार्किंग होना चाहिए।अतिक्रमण और बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है।नगर पालिका के लिए ठोस योजनाएं बनाकर इस समस्या का समाधान करना चाहिए ताकि आमजनों को परेशानियों का सामना करना पड़े और आवागमन सुलभ हो सके।

**बिजली ऑफिस के मुख्य द्वार को अवैध पार्किंग से मुक्त कराने को लिखेंगे पत्र** - बिजली विभाग के कनीय अभियंता भगीरथ कुमार झा ने बताया कि कभी-कभी इमर्जेंसी पड़ने पर कैंपस से वाहनों की निकासी में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।जिसके कारण निश्चित समय पर गंतव्य स्थलों पर नहीं पहूंच पाते हैं और घटना को रोकने में नाकाम हो जाते हैं।इसके लिए नगर पंचायत के पदाधिकारी को पत्र लिखकर अवैध पार्किंग से छुटकारा दिलाने की मांग करेंगे।वहीं प्रभारी नगर पंचायत पदाधिकारी कन्हैया कुमार के नंबर पर संवाद करने की कोशिश की गई तो उनके द्वारा फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper


## काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे शिक्षा कर्मी

**गया**: शिक्षा विभाग के अधीनस्थ क्षेत्रीय कार्यालयों के अनुसचिवीय कर्मचारियों के स्थानांतरण के विरोध में मंगलवार से काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे। बिहार राज्य शिक्षा अनुसचिवीय कर्मचारी संघ, बिहार पटना के राज्याध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा है शिक्षा विभाग के सभी कार्यालयों में कार्यालय अधीक्षक, प्रधान लिपिक, उच्च वर्गीय लिपिक का पद चिन्हित किया गया। लेकिन इस बीच निदेशालय स्तर से मूल कोटि वेतनमान में सामान्य स्थानांतरण करने का आदेश पारित कर दिया गया। इसके अनुपालन में विभिन्न क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशकों द्वारा आदेश भी पारित किया गया है, जो सेवा शर्त में निहित प्रावधान के विपरीत है। कहा कि सरकार ने मनमाने तरीके से प्रावधान व पद सोपान के वितरीत किए गए स्थानांतरण के विरुद्ध सभी कर्मचारी 17 मई से काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## मारपीट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**जहानाबाद**: स्थानीय थाने की पुलिस ने लखाबर गांव से मारपीट के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष भवेश कुमार मंडल ने बताया कि लखाबर गांव से धर्मेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उसके ऊपर घोसी थाने में मारपीट के मामले में प्राथमिकी दर्ज है। नामजद होने के बाद से वह फरार था। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## राज्यपाल ने आभाष को किया सम्मानित


**जहानाबाद**: जिले के सदर प्रखंड के खैरा गांव निवासी व इनोवेटिव अप्रोच के लिए ख्यातिलब्ध छात्र आभास कुमार को तमिलनाडु के गर्वनर ने पुरस्कृत किया है। दरअसल उसका चुनाव एनआईटी त्रिची, तमिलनाडु में दस दिन शैक्षणिक भ्रमण के केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के प्रोग्राम एक भारत श्रेष्ठ भारत युवा संगम फेज-2 के तहत हुआ था। योजना की अवधारणा लोगों को लोगों से जोड़ने और देश भर के युवाओं के बीच सहानुभूति पैदा करने के उद्देश्य से तयार की गई है। गत शुक्रवार को चेन्नई राजभवन में जिले के उक्त प्रतिभाशाली छात्र को बेहतर प्रदर्शन के लिए तमिलनाडु के राज्यपाल के द्वारा सम्मानित किया गया है।

## घर में घुस कर मारपीट की, आभूषण ले गए

**जहानाबाद**: नगर थाना क्षेत्र के टेनीविगहा मुहल्ले में मंगलवार की दोपहर दो पक्षों में मारपीट हुई। मारपीट की घटना में एक तरफ से एक युवक राकेश कुमार घायल हो गया। बाद में उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। भुक्तभोगी व्यक्ति के द्वारा नगर थाने में आवेदन देकर पुलिस से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि उसके गांव के ही कुछ लोग घर में घुसकर पूरे परिवार के साथ मारपीट की। साथ ही हमलावर घर में रखे 50 हजार नगद समेत कई कीमती आभूषण अपने साथ लेकर चले गए। नगर थाने की पुलिस मामले की सच्चाई की जांच कर रही है। जांच के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

# युवक का सड़क किनारे मिला शव
# सड़क दुर्घटना में मौत की आशंका

**नालंदा**: नालंदा में देर शाम से लापता एक युवक का शव बुधवार सुबह सड़क पर संदिग्ध अवस्था में पड़ा हुआ मिला। मामला हिलसा थाना क्षेत्र अंतर्गत तुलसी खंधा के समीप कपसियावा- हिलसा मुख्य मार्ग का है। मृतक कपसियावां गांव निवासी स्वर्गीय राम भजन पासवान का (30) वर्षीय पुत्र राजीव पासवान है।



राजीव पासवान के भाई पिंटू पासवान ने बताया कि उसका भाई राजमिस्त्री का काम करता था। हिलसा बाजार से काम कर वह घर साइकिल से लौट रहा था। इसी बीच गांव आने वाली सड़क के तुलसी खंधा के समीप अज्ञात मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

परिजन ने आरोप लगाया कि मोटरसाइकिल के टक्कर से राजीव पासवान गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। जिसे इलाज के लिए न ले जाकर, वहीं सड़क पर छोड़ बाइक सवार फरार हो गया। मोटरसाइकिल के कुछ पाट्‌र्स भी घटना के बाद क्षतिग्रस्त होकर टूट गया था, जो अब भी मौके पर पड़ी हुई है।

सुबह ग्रामीण जब काम को लेकर खेतों की ओर निकले तो उन्हें राजीव पर नजर पड़ी, इसके बाद शव मिलने की सूचना परिजनों को दी गई। राजीव के शव मिलने की सूचना जैसे ही घरवालों को प्राप्त हुई, परिजनों की चित्कार गांव में गूंजने लगी।

**क्या बोले थानाध्यक्ष** : हिलसा थाना अध्यक्ष गुलाम सरवर ने बताया कि अज्ञात वाहन के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

### 4 बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

राजीव पासवान 06 भाई एवं 01 बहन में तीसरे नंबर पर था। राजमिस्त्री का काम कर वह अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। साल 2011 में उसकी शादी हुई थी इसके बाद 4 बच्चे हुए, पिता की मौत के बाद अब उन बच्चों की परवरिश को लेकर संकट खड़ा हो गया है।

# स्कूली वाहन और बाइक की टक्कर, 12 बच्चे घायल

**नालंदा**: नालंदा में बिहटा-सरमेरा टू-लेन पर मंगलवार को स्कूली मैजिक वाहन और बाइक की टक्कर में 12 बच्चे समेत कुल 14 लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि बिंद बाजार स्थित निजी स्कूल में छुट्टी होने के बाद बच्चे मैजिक से घर जा रहे थे, इसी दौरान बिहटा-सरमेरा टू-लेन के जहाना मोड़ के पास स्कूल की गाड़ी की बाइक से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद स्कूली की गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इसमें सवार करीब 12 स्कूली बच्चे घायल हो गए। जबकि पार्ट वन की परीक्षा देकर घर लौट रहे बाइक सवार भाई-बहन भी घायल हो गए।

घायलों में धीरेंद्र सिंह की पुत्री दिव्या कुमारी (8), विकास सिंह की बेटी राज नंदनी कुमारी (9), पलन कुमार की बेटी खुशी कुमारी(9), राजीव रंजन की पुत्री स्वीकृति कुमारी(4), चंदन चौहान का बेट राकेश कुमार(5), चंदन चौहान की पुत्री लूबी कुमारी(7), संजीत कुमार का पुत्र यशराज(4), सुनील पासवान का पुत्र राहुल कुमार(8), सुरेंद्र सिंह की पुत्री हनी कुमारी, संजीत कुमार की पुत्री सृष्टि कुमारी(6), योगेंद्र सिंह की पुत्री टुनि कुमारी (5),धीरेंद्र सिंह का बेटी दिव्यांश कुमार(7) शामिल हैं। जबकि बाइक पर सवार लुखा कुमारी और राकेश कुमार भी गंभीर रूप से घायल हैं। सड़क हादसे की सूचना मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय लोग एवं जनप्रतिनिधियों ने पुलिस की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए बिंद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां स्कूली वाहन पर सवार 5 बच्चे और बाइक पर सवार भाई-बहन की गंभीर स्थिति को देखते हुए बिहार शरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्कूली वाहन में सवार एक बच्चे राहुल कुमार ने बताया कि स्कूल की गाड़ी में कुल 15 बच्चे सवार थे। ओवर स्पीड होने के कारण स्कूली की गाड़ी बाइक से टकरा गई। वहीं परिजनों का कहना है कि चालक की गलती से यह पूरी घटना हुई है।

## श्मशान घाट का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

**गया**: नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा ने मंगलवार को गया के श्मशान घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पाया कि दाह संस्कार में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की दुकानें नदी एवं आसपास लगी हुई है। इससे पूर्व से निर्मित दुकानें चयनित व्यक्तियों को आवंटित करने का निर्देश दिया गया। वहीं श्मशान घाट के संवेदक के आदमी निरीक्षण में अनुपस्थित पाए गए। निर्देश दिया गया कि अपने आदमियों को प्रतिदिन उपस्थित रखकर कार्य लें एवं हॉल का प्रतिदिन सफाई कराएं, साथ ही शव दाह मशीन के संवेदक को यह निर्देश दिया कि शव दाह की प्रक्रिया मशीन के माध्यम से कराएं। प्रचार प्रसार के लिए बोर्ड एवं बैनर लगाने का भी निर्देश दिया गया। श्मशान घाट पर अवैध रूप से जमीन पर किए गए अतिक्रमण वाले व्यक्ति को नोटिस दिया है।

# विश्व के सभी धर्म भारत में फल-फूल रहे हैं: राज्यपाल

**गया**: पूरे विश्व में असामाजिक तत्वों द्वारा अशांति का प्रयास चल रहा है। विश्व के सभी मजहब भारत में हैं, सभी एक साथ हैं। सभी को यह एकता पसंद नहीं है, वे देश का टुकड़ा करना चाहते हैं। भारत एक नहीं है, ऐसा दिखाने की कोशिश कर रहें हैं। ऐसे समय में आज हम एकत्र हैं यह दिखाने के लिए कि भारत सभी मतों के बावजूद एक हैं। इसी एकत्व भाव की मजबूती के लिए हम एकत्र हुए हैं एक भारत श्रेष्ठ भारत की हमारी अवधारणा रही है। एकता का अनुभव सबको नहीं भाता है, कुछ अलग विचार के लोगों का प्रयास है कि भारत के टुकडे होने चाहिए, यह चाहे आध्यात्मिक, भौगोलिक या सामाजिक तौर पर हो।



एकत्व के विचार से जब हम चलते रहेंगे, तो उनका यह कुत्सित प्रयास सफल नहीं होगा। विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर में पूजा अर्चना के बाद महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया बोधगया के सभागार में आयोजित चीवर व संघदान के अवसर पर सूबे के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि करूणा व अहिंसा भारत का विचार है, जिससे विश्व गुरू बनेगा। सनातन में भी वैष्णव व शैव हैं, लेकिन साथ हैं। सभी के बीच एकत्व दिखता है, द्वय का भाव नहीं है।

इस कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी ईश्वर दास, महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया के महासचिव भिक्षु पी सिवली थेरो, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ माधवी तिवारी मोहन, महासचिव राजेश लांबा, अशोकानंद, डॉ राधाकृष्ण मिश्र, धर्म संस्कृति संगम के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, डॉ कल्याण प्रिय, पूर्व सांसद रामजी मांझी, स्वामी विवेकानंद, अनिल स्वामी, कृष्णनंदन पासवान, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद थे। चीवरदान कार्यक्रम के श्रद्धालुओं और बौद्ध भिक्षुओं को संघदान कराया गया।

**पहली बार मठ में की पूजा** : पहली बार किसी राज्यपाल द्वारा महाबोधि मंदिर स्थित पंच पांडव मंदिर में वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा की गई। पहली बार किसी राज्यपाल ने श्री शंकराचार्य मठ में पूजा अर्चना की और वहां के पुस्तकालय एवं प्राचीन मूर्तियों का अवलोकन किया। वहां उन्होंने भगवती अन्नपूर्णा अनुष्ठान में हिस्सा लिया, जिसे काशी के पांच ब्राह्मणों ने पूरा कराया। उन्होंने नवनिर्मित संग्रहालय का उद्घाटन किया। वहां महंत त्रिवेणी गिरि, स्वामी विवेकानंद गिरि, स्वामी सत्यानंद गिरि सहित अन्य मौजूद थे।

# सीयूएसबी के चार विद्यार्थी बनेंगे सहायक प्रोफेसर

**टिकारी**: सीयूएसबी के अंग्रेजी विभाग के चार छात्रों ने बीपीएससी द्वारा सहायक प्रोफेसर पद पर नियुक्ति के लिए आयोजित परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। सीयूएसबी के पीआरओ मो. मुदस्सिर आलम ने बताया कि बीपीएससी द्वारा घोषित परिणाम के अनुसार मुकेश कुमार पासवान, जितेंद्र कुमार यादव, अन्नू प्रिया और रुपम कुमारी ने कामयाबी हासिल की है। शीघ्र ही सीयूएसबी के सफल छात्र-छात्राएं राज्य के इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में बीपीएससी सहायक प्रोफेसर के पदों पर नियुक्त होंगे।

विवि के छात्रों की इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने सफल छात्रों को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि शिक्षण के प्रति उनके समर्पण, विशेषज्ञता और जुनून से निस्संदेह छात्रों और उन संस्थानों को लाभ होगा जिनकी वे सेवा करेंगे। कुलपति ने कहा कि छात्रों का चयन उच्च शैक्षणिक मानकों और विभाग में पोषित असाधारण प्रतिभा को प्रदर्शित करता है।

अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विपिन कुमार सिंह ने विभाग के अन्य संकाय सदस्यों डॉ. अर्चना कुमारी, डॉ. सुरेश कुरापति, डॉ. अर्पणा झा, डॉ. सरोज कुमार, अभय लियोनार्ड एक्का और डॉ. सुनील कुमार के साथ सफल छात्रों को बधाई दी है। विभाग के संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने विद्यार्थियों के सहायक प्रोफेसर के रुप में उनकी भूमिका में सफलता की कामना की। डॉ. अर्पणा झा ने कहा कि चारों छात्रों ने असाधारण शैक्षणिक कौशल के अपने क्षेत्रों के प्रति समर्पण का प्रदर्शन किया है। संबंधित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान तो देगा ही और बिहार में उच्च शिक्षा की स्थिति में सुधार लाएगा।

# गया में तापमान 43.9 डिग्री सेल्सियस

**गया**: गया में पिछले एक सप्ताह तक मामूली राहत के बाद एक बार फिर से धरती तपने लगी है। वहीं पछुवा हवा लू के साथ लोगों को बेदम किए हुए है। हालांकि बीते शुक्रवार और शनिवार को पुरवा हवा चली तो मामूली राहत थी, लेकिन घर के अंदर उमस से लोग हलकान थे। वहीं अब लू, पछुवा हवा और धूप लोगों को बेदम कर रही है। 16 मई को अधिकतम तापमान 43.9 डिग्री सेल्सियस रहा।



**महीने का सबसे गर्म दिन रहा मंगलवार** : वहीं आज 17 मई की सुबह से मौसम का तापमान 44 डिग्री के पास है। मौसम विभाग के अनुसार जब तक चक्रवाती तूफान का असर बना रहा, तब तक जिले के लोगों को भी राहत मिलती रही, लेकिन जैसे ही पछुवा ने अपना असर दिखाना शुरू किया, तो लोग हांफने लगे हैं। मौसम विभाग के वैज्ञानिक एसके पटेल का कहना है कि बीते दिनों पुरवा की वजह से नमी और फिर मंगलवार से पछुआ की तेज रफ्तार के कारण थंडर स्टॉर्म की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। शुक्रवार को थंडर स्टॉर्म की आशंका है। क्योंकि बीते दिनों अधिकतम तापमान 42. 4, न्यूनतम 23.2 डिग्री रहा। सुबह में आद्रता 43 तो शाम तक घटकर 22 फ़ीसदी हो गई। सोमवार को अधिकतम 40.8 और न्यूनतम 26.4 डिग्री रहा। नमी सुबह में 50 तो शाम तक 37 फ़ीसदी बनी हुई है। बीते 3 दिनों में तापमान में 3 डिग्री का इजाफा हुआ है। तापमान में इजाफा होने की वजह से बीते 2 दिनों से भीषण गर्मी का असर बाजार में दिखने लगा है।सड़कों पर आवाजाही कम हो रही है। मंगलवार का दिन इस माह का सबसे गर्म रहा है।

## एक नजर

### जहानाबाद सदर अस्पताल में डायलासिस सेंटर का उद्घाटन, निःशुल्क चिकित्सा का मिलेगा लाभ

**जहानाबाद**: जहानाबाद सदर अस्पताल में डायलासिस सेंटर का उद्घाटन करते जिला पदाधिकारी रिची पांडे व अन्य। - Dainik Bhaskar जहानाबाद सदर अस्पताल में डायलासिस सेंटर का उद्घाटन करते जिला पदाधिकारी रिची पांडे व अन्य। जहानाबाद सदर अस्पताल में मरीजों को आज से एक नई सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन जिला पदाधिकारी रिची पांडे ने किया

### सूची तलबःआरटीईः निर्धारित कोटे के अनुसार नामांकित बच्चों की सूची तलब

**जहानाबाद**: बच्चों की मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा नियमावली 2021 के अनुसार शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत निबंधित निजी स्कूलों में हर साल 25 प्रतिशत कोटे के तहत गरीब बच्चों का निशुल्क नामांकन करने का प्रावधान है। आरटीई को कायदे से लागू कराने में कई स्कूलों के द्वारा गंभीरता की शिकायतें आती रहती है। ऐसे में इस संबंध में निजी स्कूलों में अधिनियम को पूरी तरह से लागू करने को बिहार शिक्षा परियोजना के प्रारंभिक शिक्षा व सर्व शिक्षा अभियान के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने निबंधित निजी स्कूलों के संचालकों व प्राचार्यों को पत्र भेजा है। विभागीय हिदायत के अनुसार 25 प्रतिशत कोटे के तहत नामांकित बच्चों की सूची बनाकर सभी संबंधित स्कूलों को रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही शैक्षणिक सत्र 2020-21 से लेकर 2022-23 तक की रिपोर्ट की मांग की गयी है। जिसमें कक्षा एक से लेकर आठ में हुए कुल नामांकन, एससी व एसटी कोटि के छात्र-छात्राओं की संख्या बीसी व ईबीसी छात्र-छात्राओं की संख्या, अलाभकारी समूह व कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं की संख्या, 25 प्रतिशत कोटे के तहत नामांकित छात्र-छात्राओं की कुल संख्या से संबंधित रिपोर्ट देने को कहा गया है। यह रिपोर्ट एसएसए कार्यालय में जमा करानी है। रिपोर्ट नहीं देने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। जिले में 19 निजी स्कूल आरटीई के तहत निबंधित हैं। जाहिर तौर पर आरटीई के मामले में विभागीय गंभीरता के बाद अब स्कूलों को इसमें पहले से कहीं अधिक सतर्क होने की जरूरत होगी।

### पारा 42 डिग्री पर, अभी दो दिनों गर्मी से राहत नहीं

**जहानाबाद**: जिले में इन दिनों गर्मी का सितम जारी है। मौसम के इस तेवर से आम जन जीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ रहा है। अभी भी मौसम शुष्क रहने का मौसम पूर्वानुमान है जबकि नमी की अधिकता से उमस भरी गर्मी की मार पड़ती रहेगी। अधिकतम तापमान के साथ ही न्यूनतम तापमान भी अब अपने तेवर दिखा रहा है। पछुआ की जगह पूर्वा हवा के कारण गर्मी थोड़ी सी भी राहत देती नहीं दिख रही है। बेतरह गर्मी के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं। गर्मी ने लोगों की सारी दिनचर्या ही चौपट कर रख दिया है। दोपहर में सन्नाटा रहता है तो देर शाम सात बजे से लोग बाजार में दिखते हैं। मंगलवार को दिन भर तेज धूप और उमस ने जहां लोगों के पसीने छुड़ा दिये वहीं दिन का पारा 42.0 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। अधिकतम तापमान के साथ ही न्यूनतम तापमान भी 27 डिग्री सेल्सियस पर बना रहा। नमी की मात्रा 50 फीसदी से ऊपर रहने के कारण गर्मी का यह आलम रहा कि कूलर व पंखे भी हांफते रहे। कृषि मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि आने दो दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोत्तरी दर्ज की जाएगा जबकि इसके बाद के तीन दिनों का तापमान भी बहुत अलग नहीं रहेगा। दिन का पारा चढ़ा रहेगा जबकि रात में भी बहुत राहत जैसी स्थिति नहीं रहने वाली है।

### मजदूर की बाइक चोरी, शिकायत दर्ज

**जहानाबाद**: शहर में बाइक चोरों की सक्रियता कम नहीं हो रही है। प्रतिदिन बाइक चोरी की घटनाएं बदस्तूर जारी है लेकिन पुलिस कुछ नहीं कर पा रही है। मंगलवार को नगर थाना क्षेत्र के राजा बाजार स्थित सर गणेश दत्त नगर से सोमवार की दोपहर काम करने आए एक राज मजदूर की घर के समीप लगी बाइक अज्ञात चोरों ने उड़ा लिया। भुक्तभोगी व्यक्ति ने बताया कि जब कुछ काम खत्म कर घर के बाहर आकर देखा तो मौके पर उसकी बाइक नहीं थी। उसके बाद राज मजदूर युगेश पंडित ने बाइक की काफी खोजबीन की लेकिन कहीं कुछ पता न चल सका। आखिरकार वह नगर थाने में आवेदन देकर पुलिस से मदद की गुहार लगाई। कियत मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही थी।

### प्रकाशन संबंधी चूक की जांच कराएंगे डीईओ

**जहानाबाद**: पुस्तक के आवरण पृष्ठ पर विज्ञान विषय, जबकि भीतर गणित की पाठ्य सामग्री। सरकारी स्कूलों में आपूर्ति की गई किताबों में यह गड़बड़ी सामने आई है। गड़बड़ी सामने आने के बाद पाठ्य पुस्तक प्रकाशन निगम ने जिला शिक्षा अधिकारियों को आपूर्ति की गई पाठ्य पुस्तकों की जांच कराने का निर्देश दिया है। बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के बैद्यनाथ यादव ने जहानाबाद समेत सभी जिले के जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया है। सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों के लिए इस बार किताबें आपूर्ति कराई जा रही हैं। आपूर्ति की गई किताबों में कक्षा 8 में कई तरह की गड़बड़ियां सामने आई हैं। कक्षा 8 में विज्ञान की पुस्तक के आवरण पृष्ठ पर विज्ञान भाग 3 मुद्रित है, जबकि भीतर के पृष्ठ संख्या 1 से 166 तक गणित की सामग्री दी गई है तथा उसके आगे विज्ञान की पाठ्य सामग्री मुदित है। यह गड़बड़ी केवल एक ही विषय विज्ञान में ही नहीं है, बल्कि गणित में भी इसी तरह का मामला सामने आया है। आठवीं में ही गणित के आवरण पृष्ठ पर विज्ञान मुद्रित है, जबकि भीतर सभी पाठ्य सामग्री गणित की है। डीईओ ने कहा कि सभी बीईओ को इस संबंध में निर्देश दिया गया है कि प्रखंड में अब तक जितनी भी किताबें दी गई हैं, उन सभी किताबों की जांच कर लें, ताकि आगे किसी तरह की गड़बड़ी न रह जाए और कोई दिक्कत न हो। तीन दिन के भीतर रिपोर्ट मांगी गई है।

# कमेटी की बैठक में हुआ विचार विमर्श

**» नगर परिषदःहोल्डिंग टैक्स एजेंसी के काम की जांच के लिए कमेटी की बैठक में कार्यपालक नहीं आए तो फिर कोई निर्णय नहीं**

**जहानाबाद**: शहर में होल्डिंग टैक्स वसूल रही कंपनी स्पैरो सॉफ्टेक को लेकर गठित बोर्ड की पांच सदस्यीय जांच कमेटी की मंगलवार को यहां नगर परिषद के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में नगर परिषद के कार्यपालक अधिकारी के अवकाश पर होने की वजह से अंतिम रूप से कोई निर्णय नहीं लिया जा सका। कमेटी के चेयरमैन धर्मपाल सिंह यादव व सदस्य संजय यादव लालसे ने बताया कि होल्डिंग टैक्स की वसूली कर रही एजेंसी पर फरवरी में हुई बोर्ड की पहली बैठक में ही 22 वार्ड पार्षदों ने सवाल खड़े किए थे।

उसी के आलोक में मुख्य पार्षद रूपा देवी ने बोर्ड के सदस्यों की पांच सदस्यीय कमेटी से उसके काम काज की जांच कराने का निर्णय लिया था। इस संबंध में इस महीने भी एक और बैठक हुई थी जिसमे भी उक्त एजेंसी के भविष्य को लेकर कोई निर्णय नहीं हो सका था। दरअसल बोर्ड के समक्ष पार्षद पूजा भारद्वाज ने उक्त एजेंसी के होल्डिंग टैक्स वसूली में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया था। कई सदस्यों ने पूजा भारद्वाज के आरोपों पर सहमति जाहिर करते हुए उक्त एजेंसी के काम काज की जांच की मांग कर कार्रवाई करने का बोर्ड में प्रस्ताव रखा था।

मुख्य पार्षद ने वार्ड पार्षदों की भावना का आदर करते हुए जांच के लिए एक कमेटी गठित कर दी थी। मंगलवार को कमेटी की बैठक में एजेंसी पर सवाल उठाने वाले पार्षद के प्रतिनिधि प्रहलाद भारद्वाज ने पूरे कागजातों व तथ्यों के साथ अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि वे अपने आरोपों पर आज भी पूरी तरह दृढ़ता से कायम हैं। उन्होंने कहा कि जांच में एजेंसी की गलतियां निश्चित ही प्रमाणित होगी। एजेंसी के प्रतिनिधि को भी अपना पक्ष पूरी तथ्यों के साथ रखने के लिए कमेटी ने निर्देशित किया है।

कमेटी के चेयरमैन ने बताया कि वे एजेंसी पर लगाए गए आरोपों की उपलब्ध तथ्यों व प्रमाणों के आलोक में पूरी निष्पक्षता से जांच की जाएगी। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि क्या उक्त एजेंसी मानकों के अनुसार काम कर रही है या नहीं। श्री यादव ने कहा कि मामले में अंतिम निर्णय नगर परिषद व आम शहरियों के व्यापक हित को ध्यान में रखकर किया जाएगा। इसमें किसी को काई संदेह नहीं होनी चाहिए। जांच में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। कमेटी सभी जरूरी बिंदुओं की बारीकी से जांच कर रही है।


कार्यपालक पदाधिकारी के आने के बाद एक बार फिर से कमेटी की बैठक होगी और उसी में एजेंसी के भविष्य को लेकर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। गौरतलब हो कि उक्त टैक्स वसूली एजेंसी को लेकर कई महीनों से बोर्ड का माहौल पूरी तरह से गरम होता रहा है। बोर्ड के सदस्यों के बीच उपजे विवाद को बढ़ने पर हाथापाई व मुकदमेबाजी तक हो चुकी है। हालांकि विवाद के पीछे कई और वजह बताई जा रही है लेकिन नगर बोर्ड का माहौल गरम करने में टैक्स वसूली एजेंसी का मसला भी काफी अहम रहा है

## 11 लोग बिजली चोरी करते धराए, जुर्माना व केस दर्ज

**जहानाबाद**: बिजली विभाग के द्वारा पूरे जिले बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ में लगातार सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है, फिर भी लोग बिजली चोरी करने से बाज नहीं आ रहें है! बिना कनेक्शन लिए हुए चोरी से बिजली का उपयोग करने वाले के खिलाफ गठित छापेमारी दल ने बिजली चोरी करते हुए सात लोगो को पकड़ा है। कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि जिले के मांदील, महादेव बिगहा, फरीदपुर, गौरछणी आदि जगहों पर मीटर जांच अभियान चलाया गया। 11 लोगो को रंगे हाथ पकड़ा गया है। पकड़े गये लोगो में अमितेश कुमार, नंदू विश्वकर्मा , प्रभात चंद्र अरुण, सुरेंद्र यादव, नंदकिशोर यादव, मोतीलाल यादव, मानो देवी, अमरजीत कुमार, रामसेवक सिंह, सतीश कुमार, सीता देवी पर आर्थिक जुर्माना लगाया।

# जेल अधीक्षक समेत 4 लोगों पर FIR दर्ज, 3 दिन पहले संदिग्ध हुई थी मौत

**नालंदा**: नालंदा के बिहारशरीफ मंडल कारा में शनिवार को विचाराधीन कैदी की संदिग्ध हालात में मौत हो गयी थी। इस मामले में मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर दीपनगर थाने में FIR दर्ज कराया है। सरमेरा के तीन लोगों पर बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। वहीं, बिहार शरीफ मंडल कारा के जेल अधीक्षक पर साजिश करने का आरोप लगाया गया है।



मृतक नवादा जिला के कौआकोल थाना क्षेत्र स्थित जोरावरडीह गांव निवासी वीरेन्द्र मंडल का (22) वर्षीय पुत्र राहुल कुमार है। वह बीटेक सेंकेड ईयर का छात्र था। प्राथमिकी राहुल के मामा सरमेरा थाना क्षेत्र के इसुआ गांव निवासी गोपाल महतो ने करायी है। मारपीट का आरोप इसुआ के ही परमानंद सिंह व उनके दो पुत्रों कुमुद रंजन सिंह और पियूष रंजन पर लगाया गया है।

**क्या है एफआईआर में** : एफआईआर के अनुसार 07 मई को राहुल शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपने घर नवादा से नाना के घर सरमेरा थाना क्षेत्र के इसुआ गांव आया था। 09 मई को वह वापस घर जाने के लिए बाजार स्तिथ इसुआ बस स्टैंड की ओर जा रहा था। तभी परमानंद सिंह और उसके दो बेटों ने राहुल को पकड़ लिया और लोहे की रॉड और लाठी डंडे से मार कर अधमरा कर दिया, इसके बाद उसे अपने घर लेकर चले गये। झूठा मुकदमा दर्ज करवाकर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। 13 मई को उनलोगों को सूचना मिली कि जेल में उसकी मौत हो गयी है। वहीं बिहार शरीफ अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारी डॉ. शिब्ली नोमानी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## मैजिक ने बाइकसवार को मारी टक्कर, साली की मौत

**भोजपुर** : आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के बगवां मोड़ के समीप मंगलवार की सुबह मैजिक वाहन ने बाइक सवार जीजा-साली समेत तीन टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर पीछे बैठी साली की मौत हो गई। जबकि, बाइक चला रहा जीजा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं, बाइक पर बीच मे बैठी एक बच्ची बाल-बाल बच गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान साली ने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतका उदवंतनगर थाना क्षेत्र के एडौरा गांव निवासी विनय कुमार गुप्ता की 13 वर्षीया पुत्री शीशम कुमारी है एवं वन नौवीं कक्षा की छात्रा थी। जबकि जख्मी युवक पीरो थाना क्षेत्र के चतुर्भुजी बरांव निवासी अमीरचंद साह का 26 वर्षीय पुत्र व मृतका का जीजा हरेराम साह है। इधर मृतका बड़े पापा अनिल गुप्ता ने बताया कि उसकी बहन रेशमा कुमारी कि कल बारात थी और आज सुबह उसकी विदाई हुई है।

## सड़क हादसे में रिटायर्ड पुलिस जवान की मौत

**भोजपुर** : आरा-अरवल मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे में रिटायर्ड पुलिस जवान की मौत हो गई। जिले के सहार थाना क्षेत्र के ननउर गांव स्थित मेन रोड पर सोमवार की रात अज्ञात वाहन ने घर के बाहर टहल रहे एक रिटायर्ड पुलिस जवान को रौंद दिया। हादसे में उनकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। मृतक सहार थाना क्षेत्र के ननउर गांव निवासी राम सकल सिंह के 75 पुत्र शत्रुधन सिंह है। वह बिहार पुलिस के जवान थे। 1999 में लखीसराय से रिटायर्ड हुए थे। इधर, मृतक के बेटे राजेश सिंह ने बताया कि वह प्रतिदिन रात में खाना खाने के बाद रोड पर टहलने के लिए निकलते थे। सोमवार की रात भी वह खाना खाने के बाद टहलने के लिए रोड पर निकले थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया।

## भोजपुर में सड़क हादसे में तीन घायल

**आरा(भोजपुर)** : भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के गोसाईपुर गांव के समीप सोमवार की देर शाम सड़क हादसे में बाइक सवार चचेरे भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया] जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मियों में शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव निवासी स्व. बांसरोपण राम का 21 वर्षीय पुत्र सरोज राम और उसी गांव के निवासी हरी शंकर राम का 35 वर्षीय पुत्र बिंदेश्वर राम शामिल हैं। दोनों रिश्ते में चचेरे भाई लगते हैं। जख्मियों के भतीजे देसाई राम ने बताया कि सोमवार की शाम दोनों बाइक पर सवार होकर चिकेन लाने के लिए शाहपुर बाजार जा रहे थे। जैसे ही वह गोसाईपुर गांव के समीप पहुंचे। तभी विपरीत दिशा से आ रही वाहनों ने उन्हें चकमा दे दिया और सड़क पर पहले से नीलगाय मरी पड़ी थी।

## भोजपुर में तिलक समारोह में युवक को लगी गोली

**आरा (भोजपुर)** : भोजपुर में सोमवार देर रात तिलक समारोह में जा रहे एक युवक को संदेहास्पद स्थिति में गोली लग गई। जख्मी युवक को गोली दाहिने पैर में जांघ पर लगी है। गोली लगते ही खून से लथपथ होकर जख्मी हालत में जमीन पर गिर पड़ा। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। घटना जिले मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के धोबहां ओपी अंतर्गत धोबहा छलका के समीप घटी। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी सागर सिंह का 21 वर्षीय पुत्र प्रह्लाद सिंह है।

# संपत्ति बंटवारे को लेकर चचेरे भाइयों ने की दंपती की पिटाई





**आरा(भोजपुर)**: भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर गांव में मंगलवार को गाली-गलौज करने के विवाद को लेकर बाप-बेटे की जमकर पिटाई कर दी गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

जख्मियों में बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर गांव निवासी 70 वर्षीय कलक्टर यादव और 25 वर्षीय उनका पुत्र अजीत यादव शामिल है। इधर,अजीत यादव ने बताया कि वह महाराष्ट्र में रहकर खटाल में काम करता है। 5 दिन पूर्व भी उसके पिता को उक्त पड़ोसी द्वारा गाली-गलौज किया गया था और उन्हें पीटा भी गया था।

दो दिन पूर्व वह महाराष्ट्र से वापस अपने गांव अपनी मौसी की शादी में शामिल होने के लिए आया है। जब शादी में जाने के लिए तैयारी कर रहा था। तभी पड़ोसी गाली-गलौज करने लगा। जब उसने इसका विरोध किया तो, उक्त पड़ोसी द्वारा दोनों बाप-बेटे की जमकर पिटाई कर दी गई।

दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जख्मी अजीत यादव ने गांव के ही गुड्डू यादव,बिट्टू यादव विक्की यादव एवं मंजू यादव पर फरसा से मारकर दोनों बाप-बेटे को जख्मी करने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

**भोजपुर में संपत्ति बंटवारे के विवाद को लेकर पति-पत्नी की पिटाई** : मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धोबहा ओपी अंतर्गत सलेमपुर गांव में मंगलवार की सुबह संपत्ति बंटवारे के विवाद को लेकर दंपति की जमकर पिटाई कर दी गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

जख्मियों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धोबहा ओपी अंतर्गत सलेमपुर गांव निवासी 55 वर्षीय कमलेश दुबे एवं 45 वर्षीया उनकी पत्नी अनु देवी शामिल हैं। इधर कमलेश दुबे ने बताया कि वह रांची में अपने पूरे परिवार के साथ रहते थे और वही काम करते थे। 6 माह पूर्व उनके बड़े पिता का निधन हो गया था। जिनके श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए रांची से आरा अपने गांव आए थे।

उस समय से वह अपने गांव पर ही रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके चचेरे भाई से संपत्ति बंटवारे को लेकर कुछ दिनों से विवाद चला आ रहा है। उसी विवाद ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया। जिसके बाद उनके चचेरे भाई कहने लगे कि मैं तुम्हें संपत्ति में हिस्सा नहीं दूंगा। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। जिसके बाद उनके चचेरे भाई अपने बेटों के साथ मिलकर दोनों पति-पत्नी की पिटाई कर दी।

## अतिक्रमण हटाने गई पुलिस पर हमला

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बभनौली गांव में मंगलवार को अतिक्रमण हटाने गई पुलिस टीम पर स्थानीय लोगों ने रोड़ेबाजी कर दी। रोड़ेबाजी के दौरान एक महिला समेत दो जवान घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। दोनों घायल मुजफ्फरपुर जिला के करजा थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर गांव निवासी टी.के.साहनी की 29 वर्षीया पत्नी सरिता कुमारी और समस्तीपुर जिले के ताजपुर थाना क्षेत्र के चकसिकंदर गांव निवासी श्रीमुखो साहनी के 58 वर्षीय पुत्र हवलदार राम बहादुर साहनी है। दोनों पुलिस लाइन में पोस्टेड हैं। इधर हवलदार राम बहादुर साहनी ने बताया कि वे दोनों मुफस्सिल थाना अंतर्गत बभनौली गांव में हो रहे अतिक्रमण में हटाने गए थे। जहां अतिक्रमण हटाने के क्रम में वहां के स्थानीय लोग द्वारा अचानक पुलिस टीम पर हमला कर दिया। हमले के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा जमकर लाठी-डंडे एवं रोड़ेबाजी की गई, जिसमें महिला सिपाही सरिता



कुमारी और वह घायल हो गए। इसके बाद अन्य पुलिसकर्मियों के सहयोग से उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं इस मामले में मुफस्सिल थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि हम लोग अतिक्रमण करने के लिए बभनौली गांव गए थे, जहां वहां के लोगों द्वारा पुलिस पर रोड़ेबाजी कर दी गई, जिसमें हमारे एक महिला सिपाही समेत दो जवान जख्मी हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छह लोगों को हिरासत में ले लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## फ़िल्म द केरला स्टोरी के स्पेशल शो के दौरान उमड़ी महिलाओं की भीड़

**बक्सर**: अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, राष्ट्रीय सेविका समिति और हिन्दू जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में लव जिहाद जैसे ज्वलंत विषय पर बनी राष्ट्रवादी विचारधारा की फिल्म द केरला स्टोरी के स्पेशल शो का आयोजन स्थानीय दुर्गा टॉकीज में 3 बजे से किया गया। शो का शुभारंभ होने के पूर्व माँ भारती के तैलचित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलित करके किया गया। वही संबोधित करते हुए विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक त्रिभुवन पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान परिवेश में लव जिहाद जैसे मसले हमारे समाज और देश के अस्मिता के लिए खतरा बने हुए है। वही केरल के वर्तमान के मुख्यमंत्री ने भी यह कहा की अगर हालात ऐसे ही रहे तो धर्म और आध्यात्मिक नगरी केरल एक मुस्लिम बाहुल्य राज्य बन जायेगा जो हमारे संस्कृति के साथ खिलवाड़ है। श्यामा श्री चंद्रा ने कहा कि मंगलवार को दुर्गा सिनेमा हॉल में उमड़ी भीड़ केवल इस चलचित्र हिन्दू जागरूकता का भी वर्णन करता है।

# गैस रिसाव होने से महिला झुलसी, मौत

**» बेटी की तिलक में गया था पूरा परिवार, पड़ोसियों ने बालू फेंककर आग पर पाया था काबू**



**भोजपुर**: भोजपुर जिले के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के बागर गांव में सोमवार की रात गैस रिसाव हो जाने के कारण एक महिला बुरी तरह झुलस गई। इलाज के लिए पटना में मंगलवार की सुबह दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा।

मृतक सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के बागर गांव निवासी लालबाबू शर्मा की 44 वर्षीय पत्नी ललिता देवी है। इधर,मृतका के पुत्र मुन्ना शर्मा ने बताया कि उसकी सबसे छोटी बहन प्रियंका कुमारी होने वाली है। सोमवार यानी 15 तारीख को उसका तिलक गया था और 21 तारीख को बारात आने वाली थी।

**बालू फेंक कर बुझाई आग** : सोमवार की शाम सभी लोग उसका तिलक लेकर गड़हनी थाना क्षेत्र के सहिलापुल गांव गए थे। सोमवार की रात में जब गैस चूल्हा पर रसोई घर में खाना बना रही थी। इस दौरान अचानक गैस रिसाव होने के कारण बुरी तरह झुलस गई। उनके चिल्लाने की आवाज मिलने पर पड़ोस के लोगों ने घर में जाकर पानी और बालू फेंक कर आग बुझाया। इसके बाद हम लोगों को सूचना मिली। सूचना पाकर हम लोग फौरन घर पहुंचे और उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आये।

यहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। हालांकि हम लोग अभी उन्हें इलाज के लिए पटना में ही जा रहे थे। तभी उन्होंने बिहटा के समीप ही दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन उनके शव को वापस अपने गांव ले गए। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

जहां एक तरफ घर में बेटी की बारात आने एवं उसके डोली उठने की खुशी थी। लेकिन घर से बेटी की डोली उठने से पहले ही मां की अर्थी उठ गई। जिसके बाद घर का शादी का माहौल देखते ही देखते मातम में बदल गया। बताया जाता है कि मृतका को चार पुत्री चंद्रावती देवी,लीलावती देवी रानी देवी,प्रियंका कुमारी एवं एक पुत्र मुन्ना शर्मा है।

## दिवंगत अधिवक्ता राजेंद्र चौबे की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**बक्सर**: दिवंगत अधिवक्ता राजेंद्र चौबे की पुण्यतिथि के अवसर जिला अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सबसे पहले उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष बबन ओझा ने किया जबकि मंच संचालन वरीय अधिवक्ता रामेश्वर प्रसाद वर्मा ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजनी कुमार सिंह ने तैल चित्र पर पुष्प समर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।

जिला जज ने कहा कि अपने कार्यकाल में इन्होंने लंबे समय तक व्यवहार न्यायालय में योगदान दिया। लोगों को लाभान्वित किए। विद्यवता व अपने आचरण से मार्गदर्शन किया। आशा है कि उनके द्वारा दिखाए गए मार्गदर्शन को उनके आचरण को लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें उनके मूल्यों को आदर्शों को अपनाएं और उनके मार्गदर्शन को फलीभूत करें।

# मंदिर में पूजा करने जा रहे थे दोनों तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मारी टक्कर

**आरा(भोजपुर)**: आरा-बड़हरा मुख्य मार्ग पर शहर के टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज स्थित विश्वकर्मा मंदिर के समीप मंगलवार को ट्रैक्टर ने बाइक सवार प्रेमी युगल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।



जानकारी के अनुसार जख्मियों में टाउन थाना क्षेत्र के बरहबतरा गांव निवासी दशरथ सिंह का 25 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार और उसी थाना क्षेत्र के मीराचक मीठा कुंआ निवासी मिक्की कुमारी शामिल है। इधर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि जख्मी लड़की उसकी प्रेमिका है। वह दोनों एक दूसरे से प्यार करते हैं और दोनों की शादी भी होने वाली है।

वह अपनी प्रेमिका मिक्की कुमारी के साथ बाइक पर सवार होकर आरा से बखोरापुर मंदिर जा रहा था। इसी दौरान गौसगंज स्थित विश्वकर्मा मंदिर के समीप आगे जा रहे ट्रैक्टर ने अचानक उसके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों बाइक से गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

**दीवार गिरने से बच्ची समेत दो जख्मी,बच्ची की हालत नाजुक** : मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोठुला गांव में मंगलवार की देर शाम दीवार गिरने से 8 वर्षीय मासूम बच्ची समेत 2 लोग बुरी तरह जख्मी हो गए, जिसके बाद परिजनों द्वारा दोनों को इलाज के लिए आनन-फानन में आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मियों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोठौला गांव निवासी स्व. ठाकुर बिंद के 80 वर्षीय पत्नी कलावती देवी और उनकी पोती हरेंद्र बिंद की आठ वर्षीय पुत्री गुड्डी कुमारी है।

इधर,परिजनों ने बताया की घर के आगे एक कच्चा दीवार बना हुआ था । उसी द्वारा गुड्डी गांव के कुछ बच्चों के साथ खेल रही थी। उसी दौरान गुड्डी ने दीवार को ढकेला, तभी दीवार भरभरा कर गिरा गया। हादसे में गुड्डी जख्मी हो गई। वहीं नीचे बैठी उसकी दादी को भी चोट लगी है।

# बिजली के पोल से टकराई बाइक, युवक की मौत

**भोजपुर**: भोजपुर जिले के संदेश थाना क्षेत्र के तीर्थकॉल गांव के समीप मंगलवार की सुबह एक बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि, बाइक पर पीछे बैठा उसका रिश्तेदार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही।

मृतक सारण (छपरा) जिला के सोनपुर थाना क्षेत्र के प्रवेजाबाद गांव निवासी महेंद्र रजक का 35 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार रजक है। जबकि जख्मी उसका रिश्तेदार संदेश थाना क्षेत्र के संदेश गांव निवासी सुरेश रजक का 22 वर्षीय पुत्र कृष्णा कुमार रजक है। इधर कृष्णा कुमार रजक ने बताया कि वह अपने



रिश्तेदार रंजीत कुमार रजक के साथ सोमवार की शाम चांदी थाना क्षेत्र के तापा जलपुरा गांव अपने रिश्तेदार के बारात में शामिल होने गया था।

मंगलवार की सुबह जब दोनों बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इस दौरान तीर्थकॉल गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रहे साइकिल सवार को बचाने के क्रम में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में दोनो गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद दोनों को परिजन द्वारा इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख रंजीत कुमार रजक को मृत घोषित कर दिया।

वहीं, जख्मी कृष्णा कुमार रजक का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जिसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही टाउन थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बक्सर में मार्ग हादसा, बाइकसवार की मौत

**बक्सर**: बक्सर जिले के चौगाई-बगेन मुख्य मार्ग पर रात 11 बजें सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। शादी समारोह से लौटने के दौरान ब्रेकर पर तेज रफ्तार से बाइक उछलकर अनियंत्रित हो गई। युवक के हेलमेट नहीं पहने से हादसा हुआ। युवक के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा घायल युवक को चौगाई हास्पिटल में पहुंचाया गया। वहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मुरार थानाध्यक्ष भी पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि यदि मृतक हेलमेट पहने होता तो शायद उसकी मौत नहीं होती।



**शादी समारोह से लौटने के दौरान हुआ हादसा** : घटना की जानकारी के मुताबिक युवक की पहचान, मुरार थाना क्षेत्र के अमसारी गांव निवासी नारायण यादव के 45 वर्षीय पुत्र सुग्रीव यादव के रूप में हुई है। सुग्रीव यादव देर रात शादी समारोह से अपने गांव की तरफ लौट रहे थे। इसी बीच सड़क पर बने ब्रेकर को देखकर उन्होंने अचानक से ब्रेक लगाया जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। बाइक सवार सड़क पर पलट कुछ दूर घसीटते हुए खम्भे से जा कर टकराया गया। जिसके कारण उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। जिला परिषद सदस्य बंटी शाही के द्वारा घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने सुग्रीव यादव को मृत घोषित कर दिया।

**कुछ दिन पहले ही विदेश घर लौटा था युवक** : सुंग्रीव यादव विदेश में नौकरी करता था जहां से कुछ दिन पहले ही वह घर वापस आया था। परिवार के साथ छुट्टी बिताने के बाद वह वापस विदेश जाने वाला था। वहीं इस घटना की सूचना पर पहुंची मुरार थाना कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने बताया की घटना चौगाईं-बगेन मुख्य मार्ग के गेट संख्या एक के पास हुआ है।

# बक्सर में सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत

**बक्सर**: बक्सर-आरा हाईवे पर एक वृद्ध की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना नया भोजपुर सब्जी मंडी के पास की है। दोपहर में सड़क पार करते समय किसी अज्ञात वाहन टक्कर मार दी।

स्थानीय लोगों द्वारा घायल को सड़क से उठाकर अनुमण्डल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर द्वारा हालत गम्भीर होने के कारण रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते मे ही वृद्ध की मौत हो गई। ग्रामीणों द्वारा इस घटना की सूचना भोजपुर OP थाना को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। नया भोजपुर थाना क्षेत्र के शक्ति द्वार रोड़ निवासी सिद्धनाथ सिंह 62 वर्ष पिता रामगोविंद सिंह घर से बाजार की तरफ जाने की बात कहकर निकले हुए थे। तभी बीच मे पड़ने वाला NH -922 पार करने के दौरान किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वृद्ध सड़क पर गिर छटपटाने लगे। आसपास के लोगों ने देखा तो सड़क




से उठाकर पहले डुमराँव अनुमण्डल अस्पताल पहुंचाया। गम्भीर स्थिति देखकर डाक्टर द्वारा सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। लेकिन वृद्ध ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मौत की सूचना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना पर नया भोजपुर OP प्रभारी सुबोध कुमार पहुंच कर शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। टक्कर मारने वाला वाहन भगाने में सफल रहा। जिसको पहचान कर पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस घटना की करवाई में लगी हुई है।

# महंगाई से बिगड़ रहा है मध्यम वर्ग का बजट, बेतहाशा वृद्धि

**» तीन वर्षों में घरेलू गैस हुआ दोगुना**

**बक्सर**: पेट्रोलियम पदार्थ, गैस व अन्य खाद्य पदार्थों कीमत में हर रोज बेतहाशा वृद्धि हो रही है, जिससे गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों के समक्ष परेशानी उत्पन्न हो गई है। घरेलू गैस अब सबकी जरूरत बन गई है लेकिन पिछले तीन वर्षों में देखा जाय तो इसकी कीमत दोगुना से भी ज्यादा वृद्धि हुई है। घरेलू गैस मई 2020 में उपभोक्ताओं को 584 रू में प्राप्त हो जाता है। जबकि मई 2023 में इसकी कीमत 1201रु हो गया है। वही मध्यमवर्गीय लोगो की जरूरत बाइक के लिए पेट्रोल है जिसकी कीमत मई 2020 में 76रु प्रति प्रति लीटर था जो तीन वर्ष बाद 108 रु प्रति लीटर हो गया है। कलेक्ट्रेट रोड स्थित फौजी किराना दुकान के प्रोपराइटर दीपक केशरी ने बताया कि लाल मिर्चा, जीरा, रहर दाल काफी महंगा हुआ है। जिससे



गरीबों के किचन के तड़का लगाने में जेब काफी ढीली हो रही है। साथ ही रसोई घर से जुड़े कई सामान के मूल्यों में वृद्धि होने से घर चलाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**गरीबों के घर शोभा की वस्तु बना सिलेंडर** : घरेलू गैस अब हर अमीर और गरीब का किचन का हिस्सा हो गया है। लेकिन हर रोज बढ़ रही कीमत से खासकर गरीब के घरों में रखा गैस सिलेंडर शोभा की वस्तु बन गई है तो मध्यमवर्गीय परिवार जो सबसे अधिक घरेलू गैस का उपयोग करती है गैस का उपयोग करने में परहेज करना शुरू कर दिए हैं। लगातार गैस की बढ़ती कीमत ने तो गरीबों को पुनः मिट्टी के चूल्हे और लकड़ी जलावन पर निर्भर होना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गैस की एक प्रति सिलेंडर 1201 रुपए है जबकि सब्सिडी के तौर पर अभी 79 उपभोक्ता के खाते में आ रहे हैं।

**दूध सहित अन्य सामान की कीमत में भी वृद्धि** : कुल मिलाकर किचन में प्रयुक्त होने वाली अधिकांश सामग्री की कीमत में कुछ ना कुछ उछाल आया है। जिस कारण गरीबों के किचन में तड़का पर ग्रहण लग रहा है। दूध सहित अन्य सामानों की कीमत बढ़ जाने के कारण बाजार में मिल रहे गुलाब जामुन, छेना व अन्य प्रकार की मिठाई व अन्य सामान महंगी हो गई हैं जिससे गरीब वह मध्यमवर्गीय परिवारों को घर चलाना मुश्किल हो रहा है।

**जरूरत के सामान दिसंबर 2022 मई 2023** : दूध 60रु 64रु, जीरा 320रु 480रु, लालमिर्च 180रु 260रु, घी 545रु 590रु, चीनी 38रु 40रु राहर दाल 92रु 119रु मूंग दाल 92रु 102रु

**आसमान छू रही हरी सब्जियों की कीमत** : जहां मध्यम वर्गीय परिवार महंगाई की मार से त्रस्त है। वही गरीब परिवार के लोगो को घर चलाना काफी मुश्किल हो गया है।

# सड़क हादसे में एक की मौत, सात लोग घायल

## लोजपा नेता प्रमोद सिंह ने सदर अस्पताल पहुंचकर घटना की ली जानकारी



**कार्यालय संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बुधवार की अहले सुबह तेज रफ्तार ट्रैक्टर और ऑटो की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ऑटो पर सवार सात जख्मी हो गए। घटना के बाद मौके अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में सभी जख्मियों को इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद नाजुक हालत देखते हुए चार लोगों को रेफर कर दिया गया। घटना औरंगाबाद-डालटेनगंज एनएच 139 के रिसियप समीप की है। मृतक 32 वर्षीय ललन यादव मदनपुर थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव का रहने वाला था। घायलों की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के ही पड़रावा गांव निवासी सहवीर भगत के 45 वर्षीय पुत्र त्रिवेणी पाल, महेश भगत के 45 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र पाल तथा हाजीपुर गांव निवासी मोहन भगत के 35 वर्षीय पुत्र लाखवेंद्र पाल, झकसी भगत के 22 वर्षीय पुत्र अरुण पाल, नागेश्वर यादव के 35 वर्षीय पुत्र कामता यादव, ब्रह्मदेव पाल के 40 वर्षीय पुत्र देवनंदन पाल एवं बिना यादव के 40 वर्षीय पुत्र विजय यादव के रूप में हुई है। शामिल हैं। युवक की मौत के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही लोजपा नेता प्रमोद सिंह सदर अस्पताल पहुंचे और परिजनों से मुलाकात किया। वहीं जख्मियों को एंबुलेंस की व्यवस्था कराकर इलाज के बाहर भेजवाया। जानकारी के अनुसार मदनपुर के हाजीपुर निवासी दूल्हा नागेन्द्र पाल का बारात नवीनगर थाना के बेला गांव गया था। जहां से बारात में शामिल होकर सभी लोग घर लौट रहे थे। जैसे ही ऑटो रिसियप समीप पहुंची कि सामने से तेज रफ्तार ट्रैक्टर ऑटो में जोरदार टक्कर मार दिया। जिसके कारण ललन की मौके पर मौत हो गई।

## ट्रक ऑटो की टक्कर से दो लोग जख्मी

**कार्यालय संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बुधवार को तेज रफ्तार ऑटो ने ट्रक में सामने से टक्कर मार दी। ऑटो में सवार दो लोग जख्मी हो गए। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के औरंगाबाद-पटना एनएच 139 के सीमेंट प्लांट समीप की है। जख्मियों में झारखंड के पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कोकरो गांव निवासी संतोष कुमार और अंबा थाना क्षेत्र के विराज बिगहा गांव निवासी मुकेश कुमार शामिल है। घटना के बाद आनन-फानन में दोनों को इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल ले जाया गया। दोनों का इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार दोनों को राजस्थान निजी कंपनी में काम करने जाना था। लिहाजा ऑटो पर सवार होकर अनुग्रह नारायण रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने जा रहे थे। जैसे ही श्री सीमेंट समीप पहुंचे कि तेज रफ्तार ट्रक ऑटो में टक्कर मार दी। दोनों युवक जख्मी हो गए। ऑटो और ट्रक की टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और दोनों जख्मियों को उठाया। वहीं आनन-फानन में आसपास के लोगों ने दोनों को दूसरे वाहन की मदद से इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजवाया। वहीं घटना की सूचना परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और दोनों जख्मियों का हाल जाना।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने किया बैठक का आयोजन

# ऋण वाद का करवाए निपटारा, तीन दिवसीय लगेगा मोबाइल लोक अदालत

- मोबाइल लोक अदालत में अपने ऋण वाद निस्तारण समझौता के अनुसार करा सकते हैं।



**कार्यालय संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मगध ग्रामीण बैंक के पदाधिकारियों के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव प्रणव शंकर ने अपने प्रकोष्ठ में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के उपरांत बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार 24 मई से 26 मई तक लगने वाली मोबाइल लोक अदालत के आयोजन को सफल बनाने हेतु था। बैठक में मोबाइल लोक अदालत को लेकर विभिन्न दिशा-निर्देशों को मध्य बिहार ग्रामीण बैंक के पदाधिकारियों को दिया गया। जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने बताया कि जो व्यक्ति लोक अदालत में अपने ऋण वाद का निस्तारण नहीं करा सके हैं वे अपने पंचायत क्षेत्र, अथवा प्रखंड में लगने वाली मोबाइल लोक अदालत में अपने ऋण वाद निस्तारण समझौता के अनुसार करा सकते हैं। मोबाइल लोक अदालत में वादों के निस्तारण का वहीं महत्व है जो लोक अदालत में किसी वाद के निस्तारण का रहता है। अतः अधिक से अधिक लोग अपने क्षेत्र में लगने वाले इस मोबाइल लोक अदालत का लाभ उठाएं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार जल्द ही इस संबंध में विस्तृत जानकारी एवं स्थान को निर्धारित करेगा। ताकि लोग अपने ऋण वाद को अपने घर और दरवाजे के नजदीक ही समाप्त कर पाएंगे।

# स्वास्थ्य कर्मी कार्य में रुचि लें नहीं तो होगी कार्रवाई : डीडीसी

**कार्याल संवाददाता**


**औरंगाबाद।** स्वास्थ्य कर्मी कार्य में रुचि लें नहीं तो कार्रवाई होगी। यह बातें डीडीसी अभ्येंद्र मोहन सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक में कही। विभाग के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य उप केंद्रों, एएनएम एवं आशा के स्तर से संपन्न कार्यों की संख्या की समीक्षा के क्रम में यह स्पष्ट हुआ कि कतिपय संस्थानों में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कार्यों में रुचि नहीं ली जा रही है जिसके कारण जिले के हेल्थ इंडिकेटरों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सिविल सर्जन डॉ. रवि भूषण श्रीवास्तव ने कहा कि पिछली बैठक के निर्देश के आलोक में खराब प्रदर्शन करने वाले एएनएम एवं आशा की सूची तैयार कर ली गई है। चिन्हित कर्मियों से स्पष्टीकरण की मांग की जा रही है। सुधार नहीं होने की स्थिति में अनुशासनिक एवं विभागीय कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है। सबसे पहले उन आशा कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई होगी जिन्होंने पिछले तीन माह में एक भी संस्थागत प्रसव, बंध्याकरण ऑपरेशन नहीं कराया है। गृह भ्रमण सहित अन्य कार्यक्रमों में रुचि नहीं ली जा रही है। स्वास्थ्य सेवाओं के समुदाय स्तर पर सुदृढ़ीकरण पर ध्यान देने को कहा गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मी संस्थान में नियमित रूप से जाएं और सेवा दें। निर्धारित समयानुसार एवं नियमित नहीं खुलने वाले संस्थानों की पहचान कर संस्थान में कार्यरत पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश प्राप्त हुआ है। यदि पदाधिकारी एवं कर्मी द्वारा सुधार नहीं किया जाता है तो उनके विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने एवं आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. अनवर आलम द्वारा कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि मदनपुर प्रखंड से पिछले माह में एक भी अति गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराने हेतु नहीं भेजा गया है। सदर अस्पताल में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती होने वाले बच्चों की संख्या प्रतिमाह काफी कम है और प्रतिदिन अधिकांश बेड खाली रह रहे हैं। इस क्रम में मदनपुर प्रखंड के आरबीएसके दल के सदस्यों से स्पष्टीकरण एवं आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसी तरह संस्थागत प्रसव की संख्या कम रहने को लेकर निर्देश दिया गया कि आठवें, नौवें महीने की गर्भवती महिलाओं की ट्रेकिंग सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं आशा एवं एएनएम के माध्यम से कराया जाए एवं संस्थागत प्रसव के लिए उन्हें उत्प्रेरित किया जाए।डीपीएम मो. आलम द्वारा यह बताया गया कि 16 से 23 जून के दौरान सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा का आयोजन कराया जाएगा। इस दौरान घर-घर जाकर सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता ओआरएस पाउडर एवं ज़िंक टेबलेट का वितरण करेंगे। बैठक में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मिथिलेश प्रसाद सिंह, जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ रवि रंजन, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुनील कुमार, अनुमंडलीय अस्पताल दाउदनगर के उपाधीक्षक डॉ राजेश कुमार, सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सभी अस्पताल एवं स्वास्थ्य प्रबंधक, जिला स्वास्थ्य समिति के लेखा प्रबंधक मो. अफरोज हैदर, डीपीसी नागेंद्र कुमार केसरी, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट उपेंद्र कुमार चौबे, मूल्यांकन एवं अनुश्रवण पदाधिकारी अविनाश कुमार, विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ डॉ कुणाल, केयर इंडिया के टीम लीडर रितेश कुमार, डॉ अलका भारती, यूनिसेफ के एसएमसी मो. कामरान खान, यूएनडीपी के प्रतिनिधि मो अर्शी अली, पिरामल हेल्थकेयर के प्रतिनिधि धनंजय कुमार, अरुण कुमार आदि थे।

## स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम द्वारा संस्थानों का औचक निरीक्षण

**कार्यालय संवाददाता**

**औरंगाबाद।** स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम मो. अनवर आलम द्वारा बुधवार को जिले के चार संस्थानों का भ्रमण किया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए डीपीएम द्वारा यह बताया गया कि आज मदनपुर प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहड़पुरा एवं हेल्थ वेलनेस सेंटर, वार के साथ-साथ सदर प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नौगढ़ एवं हेल्थ वैलनेस सेंटर कनबेहरी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सभी संस्थान खुले मिले किंतु वहां कुछ कमियां पाई गई जिस के संबंध में संबंधित संस्थान के कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा तत्काल प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के लिए तथ्यों को साझा किया गया। यह पाया गया कि टीकाकरण कार्य योजना के अनुश्रवण की कमी के कारण मदनपुर प्रखंड के आमिर बीघा एवं बिलासपुर में आज टीकाकरण सत्र आयोजित नहीं हो सका। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नौगढ़ मे भ्रमण के समय कोई चिकित्सक उपलब्ध नहीं थे वहीं पहरपुरा के चिकित्सक डॉ. सानिया श्रुति इस माह मात्र चार दिन उपस्थित पाई गई। संस्थानों में दवाइयों की भी उपलब्धता में कमी पाई गई। कुछ उपकरण खराब स्थिति में भी पाए गए। डीपीएम मो. आलम द्वारा बताया गया कि सकारात्मक उद्देश्यों को लेकर भ्रमण किया जा रहा है। मुख्य लक्ष्य यह है कि संस्थानों को नियमित रूप से खोला जाए तथा कल्याणकारी सरकार द्वारा प्रदत स्वास्थ्य सेवाएं आमजन को मिले। भ्रमण के क्रम में जिला योजना समन्वयक नागेंद्र कुमार केसरी एवं यूनिसेफ के अधिकारी मो. कामरान खान साथ रहे।

# घर में आग लगने से सामान जलकर राख



**कार्यालय संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पोइवां गांव में बुधवार की अहले सुबह हुई अगलगी की घटना में घर का पूरा सामान जलकर राख हो गया। आग बुझाने के क्रम में गृहस्वामी उपेन्द्र कुमार गंभीर रूप से झुलस गया। इस घटना में घर के अंदर रखें कपड़ा लता खाना पीने के सभी समान समेत अन्य घरेलू सामग्री जलकर खाक हो गए। अगलगी की लपटें देख आस-पड़ोस के लोग जुटे और पानी से आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग की लपटें काफी तेज थी जिस पर काबू नहीं पाया जा सका। अगलगी घटना की सूचना फायर ब्रिगेड एवं स्थानीय थाने को दी गयी । फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। समय पर नहीं पहुँचती तो आस-पड़ोस को भी नुकसान उठाना पड़ सकता था। इधर पुलिस भी पहुंचकर हर संभव मदद करने का प्रयास किया।

# एक ही छत के नीचे चिकित्सकीय एवं नकद हितलाभ कर सकेंगे प्राप्त

**निज संवाददाता**

**पटना।** बड़े हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि बिहार में 4 नये डीसीबीओ की शुरुआत मई, 2023 में की गयी है। अब बीमित व्यक्ति एवं उनके आश्रित दरभंगा, कटिहार, समस्तीपुर एवं डालमियानगर डीसीबीओ (डिस्पेंसरी कम ब्रांच औफिस) में भी जाकर एक ही छत के नीचे चिकित्सीय एवं नकद हितलाभ प्राप्त कर सकेंगे। विदित हो कि बिहार में पूर्व से ही 7 जिलों बेगुसराय, गया, बिहारशरीफ, आरा, भागलपुर, हाजीपुर एवं पटना में डीसीबीओ बीमितों एवं उनके आश्रितों को चिकित्सीय सुविधा प्रदान की जा रही थी। अब 4 और नये डी. सी. बी. ओ. के खुल जाने से बीमितों को ईएसआई योजना के अंतर्गत चिकित्सीय लाभ प्राप्ति में सुविधा होगी। सत्यजीत कुमार, क्षेत्रीय निदेशक ने यह भी बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम मुख्यालय द्वारा बिहार के अन्य जिलों के लिए भी डीसीबीओ खोले जाने पर अनुमोदन दिया गया है, जिसको आनेवाले समय में खोला जाएगा। उन्होंने यह बताया कि ई-संजीवनी के माध्यम से भी बिहार के 5 जगहों कहलगांव, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, डालमियानगर एवं आरा में बीमितों को चिकित्सीय परामर्श के साथ दवाएं भी दी जा रही हैं। साथ ही, उन जिलों में जहां पर कर्मचारी राज्य बीमा योजना वर्तमान में केवल आंशिक रूप में व्याप्त है, वैसे 12 जिलों में भी एमएलएमपी के माध्यम से चिकित्सीय सुविधा प्राप्त करने की व्यवस्था की गयी है। क्षेत्रीय निदेशक ने यह भी आशा व्यक्त की है कि पिछले दिनों उठाये गये कई कदमों से आनेवाले समय में बिहार के जिलों में चिकित्सा व्यवस्था एवं नकद हितलाभ काफी सुदृढ़ होगा। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि उक्त कदमों से बीमितों एवं उनके आश्रितों को ईएसआई योजना के लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी।

# 32 प्रत्याशियों द्वारा किया गया नामजदगी परचा दाखिल



**निज संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** नगर पर्षद दाउदनगर के चुनाव के लिए नामांकन के छठे दिन सोमवार को 32 प्रत्याशियों द्वारा अलग-अलग पदों के लिए नामांकन दाखिल किया गया। मुख्य पार्षद व उप मुख्य पार्षद पद के लिए उम्मीदवारों ने एसडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी मनोज कुमार के समक्ष नामांकन दाखिल किया। मुख्य पार्षद पद से चार व उप मुख्य पार्षद पद से पांच उम्मीदवारों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। वार्ड पार्षद पद के लिए कुल 25 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन दाखिल किए गए। उम्मीदवारों ने अपने- अपने वार्डों के लिए बनाए गए सहायक निर्वाची पदाधिकारी के कक्ष में पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। वार्ड संख्या एक से एक, वार्ड संख्या तीन से दो ,वार्ड संख्या चार से एक, वार्ड संख्या नौ से एक, वार्ड संख्या 10 से दो,वार्ड संख्या 12 से दो, वार्ड संख्या 13 से एक, वार्ड संख्या 14 से एक,वार्ड संख्या 15 से एक, वार्ड संख्या 16 से दो, वार्ड संख्या 17 से एक,वार्ड स।22 से एक, वार्ड संख्या 23 से एक, वार्ड संख्या 24 से दो, वार्ड संख्या 25 से दो, वार्ड संख्या 26 से एक, वार्ड संख्या 27 से एक उम्मीदवार ने नामांकन का परचा दाखिल किया है।

# मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद एवं वार्ड पार्षद के लिए 54 प्रत्याशियों ने नामांकन का परचा किया दाखिल



**निज संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** मुख्य पार्षद पद के लिए आठ, उप मुख्य पार्षद के लिए चार एवं वार्ड पार्षद पद के लिए 54 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन का परचा दाखिल किया गया ।मुख्य पार्षद पद से नामांकन दाखिल करने वालों में निवर्तमान मुख्य पार्षद मीनू सिंह, पूर्व मुख्य पार्षद सोनी देवी के अलावे समाजसेवी तूफान यादव की पत्नी गुड़िया देवी, भाजपा नेता प्रो। अटल बिहारी वाजपेई की पत्नी सुनैना देवी, कांग्रेसी नेता आरपी यादव की पत्नी सुमित्रा देवी, पूर्व वार्ड पार्षद अरुण कुमार सिंह की पत्नी सविता देवी, पूर्व मुख्य पार्षद धर्मेंद्र कुमार की पत्नी मुन्नी कुमारी एवं समाजसेवी गणेश कुमार की पत्नी नेहा कुमारी शामिल है। नेहा द्वारा सोमवार को भी नामांकन किया गया था ।वहीं उप मुख्य पार्षद पद के लिए पूर्व वार्ड पार्षद कमला देवी ,निवर्तमान वार्ड पार्षद सतीश कुमार की पत्नी सुमन कुमारी, पूर्व वार्ड पार्षद हिफजुल रहमान की पत्नी अलीमा खातून के अलावे नाजिया परवीन ने नामांकन किया है, वार्ड पार्षद पद के लिए अलग-अलग वार्डों से 42 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन का परचा दाखिल किया गया ।वार्ड संख्या एक से निवर्तमान वार्ड पार्षद वयोवृद्ध जागेश्वरी देवी व बबीता देवी ,वार्ड संख्या दो से रिंकी देवी, इंदु देवी, देवरानी देवी, वार्ड संख्या तीन से एहसान अहमद, कमल अहमद उर्फ कमाल खां, चार से भूपेंद्र कुमार मिश्रा, पांच से अब्दुल कयूम अंसारी, भोला सिंह यादव एवं पूर्व वार्ड पार्षद अरुण कुमार सिंह ,सात से निवर्तमान वार्ड पार्षद राजू कुमार ,सुरेंद्र चौधरी, रामजन्म चौधरी,आठ से जय गोविंद प्रसाद, 10 से सुमन कुमारी, कांति देवी, 11 से दीपक कुमार सोनी, संजय प्रसाद, 12 से गुड़िया देवी, सुमित्रा देवी, 13 से पूर्व वार्ड पार्षद रविंद्र प्रसाद गुप्ता के पुत्र वधू खुशबू कुमारी, 15 से सुधा कुमारी, मंजू देवी, 17 से शंकर प्रसाद, मोतीलाल, रवि कुमार, 18 बिगवा देवी, रूबी कुमारी, 19 से बेबी देवी, सुमन कुमारी,20 से बसंती देवी, सपना कुमारी, 21 से निवर्तमान वार्ड पार्षद दिनेश प्रसाद ,पूर्व वार्ड पार्षद शकुंतला देवी ,22 से इशरत खातून, वार्ड संख्या 23 से निवर्तमान वार्ड पार्षद सीमा देवी, 24 से अनिल कुमार पाल, 25 से पूर्व वार्ड पार्षद रिंकी कुमारी, 26 से निवर्तमान वार्ड पार्षद इंदू देवी, 27 से निवर्तमान वार्ड पार्षद सतीश कुमार एवं उपेंद्र राम ने नामांकन दाखिल किया है।।

# तीन लड़के गंगा में डूबे, दो की मौत एक को स्थानीय युवकों ने बचाया

**निज संवाददाता**

**पटना।** पटना सिटी के आलमगंज थाना अंतर्गत लोहरवा घाट पर दर्दनाक हादसा हो गया। लोहारवा घाट पर गंगा में नहाने के दौरान एक परिवार के तीन बच्चे डूब गए। जिनमें दो की मौत हो गई। वहीं, एक की जान बच गई।

जानकारी के अनुसार, स्थानीय युवकों ने गंगा में छलांग लगाकर डूब रहे एक बच्चा को सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं, दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। एसडीआरएफ के गायघाट प्रभारी अशोक यादव ने जवानों ने दो बच्चों का शव गंगा से निकाला। अचानक बच्चों की मौत से घर में मातम पसर गया। परिवार के सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल था। सब्जीबाग निवासी तीनों बच्चे नाना के चालीसवा में आलमगंज केयर रिवर कॉलोनी में मामा के यहां आए हुए थे। बच्चों के मामा मोहम्मद आरिफ ने बताया कि मंगलवार को पिता का चालीसवा था। उसी में शामिल होने के लिए बाकरगंज निवासी बहन गुड़िया का 18 वर्षीय





पुत्र मोहम्मद तौसीफ और सब्जीबाग निवासी दूसरी बहन व पिता आलमगीर का 10 वर्षीय पुत्र मोहम्मद तंजील और उसका छोटा भाई 6 वर्षीय मोहम्मद इब्राहिम आलमगंज आया हुआ था। तीनों बुधवार की दोपहर अन्य बच्चों के साथ लोहारवा घाट पर खेल रहे थे। इसी क्रम में तीनों नहाने के लिए गंगा में चला गया। मामा ने बताया कि तौसीफ और तंजील की डूबने से मौत हो गई है। मृतक तौसीफ अपनी मां गुड़िया का इकलौता पुत्र था। उसके पिता भी नहीं है। उन्होंने बताया कि तंजील के पिता की खेतान मार्केट में कपड़े की दुकान है। आलमगीर के दो पुत्र ही हैं, इनमें से एक की मौत हो गई। गंगा में छलांग लगाकर डूब रहे इब्राहिम को सुरक्षित बाहर निकालने वाले युवक मोहम्मद सलमान, आरजू, असलम और शेरू को घटनास्थल पर लोग शाबाशी दे रहे थे। युवकों ने बताया कि इब्राहिम को पानी से निकालने के बाद उसने ही बताया कि उसके दो और भाई भी डूब गए हैं। इन युवकों ने अफसोस जताया कि यह जानकारी पहले हो जाती तो उन दो बच्चों को भी बचाया जा सकता था।

# बिहार शिक्षक बहाली : आवेदन भरने को मिलेगा एक माह का समय, 12729 उर्दू व 148 बांग्ला शिक्षकों की होगी नियुक्ति

**निज संवाददाता**

**पटना।** बिहार के प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्त होने वाले 79943 शिक्षकों में 12729 उर्दू और 148 बांग्ला विषय के शिक्षक होंगे। जबकि इनमें सामान्य शिक्षकों की संख्या 67066 होगी। वर्ग नौ और 10 के लिए 32916 शिक्षक होंगे और 11 वीं और 12वीं के लिए 57602 शिक्षक नियुक्त होगे लेकिन यह अभी स्पष्ट नहीं किया है कि ये सभी सामान्य श्रेणी के ही होंगे या इनमें भी उर्दू और बांग्ला के शिक्षकों के पद होंगे। जिलावार रिक्तियों की संख्या अगले एक दो दिनों में आयोग को अंतिम रुप से मिल जायेगी। उसके बाद आयोग विज्ञापन प्रकाशित करेगी जिसमें सभी जानकारी स्पष्ट रुप से उल्लेखित होगी। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन जारी किए जाने के बाद एक माह का समय अभ्यर्थियों को आवेदन भरने के लिए मिलेगा। आवेदन ऑनलाइन ही लिया जायेगा और उसी के माध्यम से सभी 1।70 लाख रिक्तियों पर शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया संचालित की जायेगी। आवेदन के साथ अभ्यर्थियों का आधार नंबर भी लिया जायेगा। जिनके आधार नहीं होंगे उनको अपने आवेदन के साथ बायोमैट्रिक्स देना पड़ेगा । सेंटर पर अभ्यर्थी का आधार या दिये गये बायोमैट्रिक से मिलान कराया जायेगा। इस दौरान उनका फ़ेसिअल रिकोगनिशन और आइरिश कैप्चर भी करवाया जायेगा।

नोटिफिकेशन जारी होने के बाद परीक्षार्थियों को तैयारी करने के लिए तीन महीने का वक्त दिया जायेगा और अगस्त में 15 तारीख के बाद शिक्षकों कि नैयक्ति के लिए परीक्षा ली जायेगी। बीपीएससी को अब तक तीन श्रेणियों प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों की रिक्तियां मिली हैं। इसलिए अभी इन पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया ही शुरू की जा रही है। मध्य विद्यालय के शिक्षकों की नियुक्ति पर इनके लिए अधियाचना आने पर आगे विचार होगा।

# आयुर्वेद चिकित्सा में प्रभाव और परिणाम है, पर प्रमाण नहीं

**निज संवाददात**

**पटना।** राजधानी के राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज में मंगलवार को देश के सुप्रसिद्ध आयुर्वेद विशेषज्ञ पद्मश्री वैद्य बालेन्दु प्रकाश द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उद्घाटन मुख्य वक्ता पद्मश्री वैद्य बालेन्दु प्रकाश, डॉ. सम्पूर्णानंद तिवारी, प्राचार्य एवं प्रभारी अधीक्षक डॉ. धनंजय शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर एवं भगवान धन्वन्तरि पर पुष्प अर्पित कर किया गया।पदमश्री वैद्य बालेन्दु प्रकाश ने जटिल रोगों जैसे कैंसर, पॅनक्रियाटाइटिस, माइग्रेन (शि:शुल), एलजी राइनाइटिस एनीमिया (रक्ताल्पता) के बारे में लोगों को जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा में प्रभाव और परिणाम है। लेकिन प्रमाण नहीं है। प्रमाण के अभाव में अपने चिकित्सा पद्धति को प्रमाणिक तौर पर सिद्ध नहीं कर पाते है। वहीं स्वागत भाषण में प्राचार्य ने कहा कि चिकित्सा कर्म के उपयोग में लाये जाने वाली मशीन जैसे अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे इत्यादि मशीन जो भी उपयोग में लिए जाते है, ये सभी विज्ञान की देन है और इसका उपयोग सभी चिकित्सक समान रूप से कर सकते है। मंच का संचालन डॉ. प्रभात कुमार द्विवेदी एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी अधीक्षक डॉ. धनंजय शर्मा ने किया गया।

# बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, एक युवक के साथ दो नाबालिग को किया गिरफ्तार

**निज संवाददाता**

**पटना।** राजधानी से सटे रेलवे स्टेशनों पर लगातार हो रही बाइक चोरी की घटना जीआरपी पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गई। इसको लेकर रेलवे डीएसपी मुख्यालय द्वारा टीम गठित कर कार्रवाई किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस ने कार्रवाई कर बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस चोरी की घटना में बाइक चोर गिरोह के मुख्य सरगना अमीर खान और दो नवालिक लड़कों को गिरफ्तार किया है। साथ ही वैज्ञानिक अनुसंधान कर चोरी के दो बाइक को भी बरामद किया है। रेलवे पुलिस ने बताया कि बख्तियारपुर ,पटना साहिब और पटना जंक्शन समेत कई रेलवे स्टेशनों से लगातार बाइक की चोरी की शिकायत मिल रही थी। जिसके बाद जीआरपी (पुलिस) द्वारा टीम गठित की गई और दो चोरी के बाइक के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि पुलिस की कड़ी पूछताछ में गिरोह के सरगना अमीर खान ने खुलासा किया कि बाइक चोरी की घटना में नाबालिक लड़कों को शामिल किया था। जो स्टेशन पर लगे बाइक की रेकी करता था और स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरा के नजर से बचने के लिए कैमरा को बाइक के लोकेशन से दूरी दिशा में घूमा देता था ताकि बाइक चोर की पहचान सीसीटीवी फुटेज में नहीं आ सके। फिलहाल रेलवे पुलिस ने बाइक चोर के मुख्य सरगना अमीर खान को जेल भेज दिया है। वहीं दोनों नाबालिक लड़के को जुवनाइल (सुधार गृह) में भेज दिया।